इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -68 | राजनांदगांव, मंगलवार 23 जनवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# अयोध्या के नए मंदिर में विराजमान हुए रामलला, पीएम मोदी ने की प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या। अयोध्या में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दोपहर में मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे और अनुष्ठान शुरू किए. नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक मोदी पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया. अयोध्या के राममंदिर में गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है. इस अवसर पर गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे. इसके बाद सामने आई रामलला की प्रतिमा को देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चांदी का छत्र लेकर राम मंदिर में राललला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पहुंचे. उनके साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद रहे. इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू हुआ. पीएम मोदी राम मंदिर परिसर पहुंचे, तो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के ऊपर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई.

### सुनहरा कुर्ता पहन पहुंचे पीएम मोदी

पीएम मोदी क्रीम रंग की धोती और पटका के साथ सुनहरा कुर्ता पहने हुए हैं. इसके बाद प्रधानमंत्री ने अभिषेक समारोह के लिए 'संकल्प' लिया. समारोह के बाद पीएम मोदी एक सभा को संबोधित करेंगे. उनका कुबेर टीला जाने का भी कार्यक्रम है. वह मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यकर्ताओं से भी बातचीत करेंगे.

### मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एक अभूतपूर्व और भावुक क्षण- पीएम मोदी

सेना के हेलीकॉप्टरों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच अयोध्या में राम मंदिर पर पुष्प वर्षा की. प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर कहा कि इस दिव्य समारोह का हिस्सा बनना बड़े सौभाग्य की बात है. अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एक अभूतपूर्व और भावुक क्षण है.



### मंत्रोच्चारण के बीच अनुष्ठान

रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दोपहर में मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे और अनुष्ठान शुरू किए. नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक मोदी पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया. गर्भगृह में मोदी ने पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच अनुष्ठान शुरू किया. अनुष्ठान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल हुए. इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं.

### मेहमानों का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

श्री रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सीएम योगी एक कुशल मेजबान के तौर पर नजर आए. उन्होंने मेहमानों का स्वागत भी किया और मंदिर में सभी तैयारियों को भी परखा. पीएम मोदी के स्वागत के साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए निगरानी के अलावा वो अफसरों को निर्देश देते भी नजर आए. उनके निर्देश के अनुसार, अफसरों ने भी पूरी सक्रियता बरतते हुए मेहमानों का पूरा ख्याल रखा. इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के साथ ही सभी मेहमान योगी सरकार की मेहमाननवाजी से भी खुश नजर आए.

## राम मंदिर समाज की परिपक्वता का प्रतीक, यह 'आग' नहीं 'ऊर्जा' दे रहा है - मोदी

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव, परिपक्वता और समन्वय का प्रतीक बताते हुए आज कहा कि यह किसी 'आग' को नहीं, बल्कि 'ऊर्जा' को जन्म दे रहा है। श्री मोदी ने सोमवार को यहां नवनिर्मित भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चिरप्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा पर्व में पूजा अर्चना के बाद वहां देश भर से आमंत्रित संत महात्माओं और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा, आज का ये अवसर उत्सव का क्षण तो है ही, लेकिन इसके साथ ही ये क्षण भारतीय समाज की परिपक्वता के बोध का क्षण भी है। हमारे लिए ये अवसर सिर्फ विजय का नहीं, विनय का भी है।

अयोध्या में जन्मभूमि पर मंदिर को लेकर पांच सौ वर्ष से चले आ रहे विवाद की इस सुखद परिणति को 'नये कालचक्र का उद्भव' बताते हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के चबूतरे पर बने मंच से वहां एकत्रित भगवा रंग में रंगे जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, वो भी एक समय था, जब कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता को नहीं जान पाए। रामलला के इस मंदिर का निर्माण, भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है। हम देख रहे हैं, ये निर्माण किसी आग को नहीं, बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है। राम मंदिर समाज के हर वर्ग को एक उज्जवल भविष्य के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा लेकर आया है। उन्होंने कहा, रामलला की ये प्रतिष्ठा 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार की भी प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में, केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है। ये श्रीराम के रूप में साक्षात् भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है।

नागर स्थापत्य शैली में निर्मित मंदिर की पृष्ठभूमि में बने मंच पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डा मोहन भागवत और प्रांगण में देश भर से आये करीब डेढ़ सौ प्रचलित पंथों और संत परंपराओं के प्रतिनिधियों तथा सिने, खेल और उद्योग जगत की हस्तियों की उपस्थिति में कहा कि भारत ने अयोध्या की गुत्थी को जिस संजीदगी से सुलझाया है, वह दुनिया के सामने एक मिसाल है। उन्होंने कहा, दुनिया का इतिहास साक्षी है कि कई राष्ट्र अपने ही इतिहास में उलझ जाते हैं। ऐसे देशों ने जब भी अपने इतिहास की उलझी हुई गांठों को खोलने का प्रयास किया, उन्हें सफलता पाने में बहुत कठिनाई आई। बल्कि कई बार तो पहले से ज्यादा मुश्किल परिस्थितियां बन गईं। लेकिन हमारे देश ने इतिहास की इस गांठ को जिस गंभीरता और भावुकता के साथ खोला है, वो ये बताती है कि हमारा भविष्य हमारे अतीत से बहुत सुंदर होने जा रहा है। मंच पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास और न्यास के कोषाध्यक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अयोध्या से लौट कर 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की मोदी ने की घोषणा



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में सोमवार को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अपने पहले निर्णय के तहत देश भर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का एक नया कार्यक्रम 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' प्रारंभ करने की घोषणा की।

श्री मोदी ने डिजिटल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह घोषणा करते हुये कहा, इससे गरीब और मध्य वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। प्रधानमंत्री ने लिखा, सूर्यवंशी भगवान श्रीराम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा यह संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम हो। उन्होंने कहा, अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा, देशभर में दीये और आतिशबाजी के साथ मनी दीवाली



नयी दिल्ली/अयोध्या। सैकड़ों वर्षों के इंतजार के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य राममंदिर में प्रभुश्रीराम के बालविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल हुए और इसके उपरांत देश भर में लोगों ने दीपोत्सव, मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर दीपावली मनायी।

इस अवसर पर राजधानी दिल्ली में सुबह से मंदिरों में पाठ और कीर्तिन शुरु हुआ और बाजारों में सुबह से मिठाई, दीयों और अन्य सामग्री की लोगों की भीड़ देखी गई। दिल्ली में जगह-जगह लंगर और भंडारों का आयोजन किया है। शाम होते-होते पूरी राजधानी दीयों और लाइटिंग से जगमगाने लगी। इसके साथ ही गली मोहल्लों में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए देखे गये। अनगिनत दीपों से जगमगाती रामनगरी की शोभा सोमवार शाम देखते ही बन रही थी। अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय...कल्पनातीत सौंदर्य को जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया। प्रभु श्रीराम की नगरी के वासी हों, श्रद्धालु हों या भारत के सुदूर कोने-कोने से आए श्रद्धालु, सभी 'दीप/राम ज्योति' प्रज्ज्वलित कर श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत अवधपुरी के कण-कण, रज-रज में अपने राम को निहार रहे थे, अपने घर में रामलला की गूंज से हर ओर राम-राम नाम गुंजायमान रहा, सब में राम, जय जय श्रीराम सुनायी दे रहा है। अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत शाम को दीपोत्सव मनाया गया। प्रभु के भक्त संकटमोचक हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने भी भक्ति में लीन अवधपुरी में यह आयोजन अद्वितीय, अविस्मणीय लगा रहा था। सभी के मन में इस बार अलग ही उमंग, उत्साह और उल्लास दिखाई दे रहा है, क्योंकि आज 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हो गया। अयोध्या दीपोत्सव में आज आस्था, आह्लाद और आत्मीयता के दीप जले। सहज आह्लाद के साथ आत्मीयता के भावों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नासा को मिली बड़ी कामयाबी, पता चली चंद्रयान के विक्रम लैंडर की सटीक स्थिति



नई दिल्ली। नासा के अंतरिक्ष यान लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने 12 दिसंबर को चंद्रयान-3 के हिस्से विक्रम लैंडर को लेजर लाइट से निशाना लगाया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि इससे चंद्रमा की सतह पर लक्ष्यों की सटीक लोकेशन पता लगाने का नया रास्ता मिला है।

नासा ने बताया कि 12 दिसंबर, 2023 को नासा के एलआरओ ने अपने लेजर ऑल्टीमीटर इंस्ट्रूमेंट को विक्रम की ओर घुमाया और एक लेजर लाइट छोड़ी। जब यह लेजर लाइट छोड़ी गई, तो विक्रम लैंडर और एलआरओ के बीच करीब 100 किमी की दूरी थी। विक्रम लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में मंजिनस क्रेटर के पास था। ऑर्बिटर ने विक्रम में लगे एक छोटे रेट्रोरिफ्लेक्टर से वापस लौटी लाइट को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय ने शिवरीनारायण पहुंचकर की भगवान नर नारायण की पूजा, ओम माथुर भी रहे मौजूद



जांजगीर चांपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शिवरीनारायण पहुंचने पर हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री बनने के बाद साय का पहला जांजगीर-चांपा जिला आगमन है। मुख्यमंत्री श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के साथ ओम माथुर, गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महंत, डॉ रामसुंदर दास भी पहुंचे। सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिवरीनारायण स्थित भगवान नर नारायण मंदिर में दर्शन पूजन किया। मुख्यमंत्री ने भगवान नर नारायण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के गौरवशाली क्षण में राममय है माता शबरी की भूमि शिवरीनारायण। त्रेता युग में इसी भूमि में श्रीराम को जूठे बेर माता शबरी ने खिलाये थे। आज शिवरीनारायण की धरती वैसी ही पुलकित है। आज श्रीराम पुनः अयोध्या धाम में पधारे हैं। आज इस शुभ क्षण को देखने शिवरीनारायण के हजारों लोगों की उपस्थिति दूर तक दिख रही है।

शुभ शंखनाद और राम रतन धन पायो के स्वर लहरियों के साथ श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के विलक्षण पल के साक्षी बन रहे हजारों लोग। जय जय श्रीराम का हो रहा लगातार उद्घोष। पायो जी मैंने राम रतन धन पायो की इस धुन में छत्तीसगढ़ का तंबूरा भी शामिल है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत, चुनाव प्रचार के दौरान किया था कोरोना नियमों का उल्लंघन



रायपुर। 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोरोना नियमों का उल्लंघन करने के आरोपित प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को समर्पण के बाद जमानत मिल गई है। पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।

कोर्ट ने उनको तलब किया था। अधिवक्ता की तरफ से भूपेश की सरेंडर अर्जी दाखिल की गई। उस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जमानत दे दी। भूपेश समर्थकों के साथ सोमवार को गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय पहुंचे थे। अधिवक्ता रजनीश यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के चुनाव प्रचार में नोएडा आए थे। भूपेश ने पंखुड़ी पाठक व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार किया था। इसी दौरान पुलिस ने महामारी अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री कोर्ट में पेश नहीं हुए और न ही उन्होंने जमानत कराई। इसके बाद कोर्ट ने भूपेश को तलब किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने किया बड़ा ऐलान, बोले- अयोध्या तो झांकी है... काशी मथुरा बाकी है



पटना। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में उत्साह का माहौल है। देश में राम ज्योति जलाकर दीवाली मनाई जा रही है। बिहार में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान के बाद राजनीति गर्मा गई है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की लीला पूरी दुनिया देख रही है।

अब लीला दिखाने की बारी मथुरा और काशी की है। अयोध्या तो झांकी है, काशी और मथुरा बाकी है। वह सिमरिया गंगा नदी तट पर कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि भारत का हिंदुओं की धर्म के प्रति आस्था जागृति हो चुकी है। मैं आज जहां भी गया, वहां युवाओं को प्रभु श्री राम की भक्ति में देखा। राम मंदिर तो 1947 में ही बन जाना चाहिए था, लेकिन उस समय देश पर राज करने वाले मस्जिद बनाने की चाह रखते थे, लेकिन सनातनियों के विरोध से उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पाई।

### आज रामलला विराजमान हो गए

गिरिराज सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी और सनातनियों का दृढ़ संकल्प ही है कि रामलला मंदिर में विराजित हुए हैं। गंगा समग्र के प्रांत संयोजक सह एमएलसी सर्वेश कुमार ने कहा कि आज भारत के लिए बहुत ही अद्भुत दिन है। यह दिन इतिहास में स्वर्णिम दिन के तौर पर याद किया जाएगा। यहां पर दो हजार लोगों ने एक लाख दीप जलाकर अपने आप में रिकॉर्ड बनाया है।

## बागी विधायकों की अयोग्यता मामला: सुप्रीम कोर्ट का मुख्यमंत्री शिंदे को नोटिस



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) समूह की याचिका पर सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मुख्यमंत्री श्री शिंदे एवं अन्य विधायकों से दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने यूबीटी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत इसी तरह के एक मामले में उच्च न्यायालय विचार कर ही है और साथ ही पूछा कि ऐसे में इस क्या इस अदालत को इस मामले पर विचार करना चाहिए।

इस पर श्री सिब्बल ने कहा कि मामला इस अदालत के आदेश की व्याख्या से जुड़ा है।इसके बाद पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह के बाद करेगी। शीर्ष अदालत में यूबीटी समूह के सुनील प्रभु की ओर से दायर याचिका में दलील दी गई है कि विधानसभा अध्यक्ष का आदेश गैरकानूनी और विकृत थे। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को सभी अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर और शिंदे के समूह को असली शिवसेना घोषित कर दिया था। याचिकाकर्ता यूबीटी गुट के श्री प्रभु ने विधानसभा अध्यक्ष के 10 जनवरी के फैसले के खिलाफ 15 जनवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी।

उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि निर्णयों की 'पूर्ण विकृति' इस तथ्य से स्पष्ट है कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेते समय अध्यक्ष ने मुख्य निर्विवाद घटना यानी 30 जून 2022 को शपथ ग्रहण पर भी विचार नहीं किया है, जिसने निर्णायक रूप से स्थापित किया कि उनके सभी कार्य (21 जून 2022) का उद्देश्य महाराष्ट्र में अपने ही राजनीतिक दल के नेतृत्व वाली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 19 बच्चे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिया यह संदेश



नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अत्यधिक इस्तेमाल के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। 19 प्रतिभाशाली असाधारण बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करते हुए उन्होंने उनसे कम से कम एक खेल खेलने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने एक समारोह में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नौ लड़कों एवं 10 लड़कियों को पुरस्कृत किया।

ये पुरस्कार असाधारण बहादुरी, कलात्मक कौशल, नवीन सोच और निस्वार्थ सेवा के लिए प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि बच्चे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उनमें लगन और मेहनत के बल पर पहचान बनाने की क्षमता है। यह बच्चों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि अब समाज के सभी लोगों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को सही राह दिखाएं। राष्ट्रपति ने प्रौद्योगिकी के सही ढंग से उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए बच्चों के प्रौद्योगिकी के उपयोग की सराहना की। साथ ही डीपफेक, वित्तीय धोखाधड़ी और बाल शोषण जैसी चिंताओं का जिक्र इसके दुरुपयोग के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया संचार और जागरूकता के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, लेकिन इसका दुरुपयोग अफवाहें फैलाने के लिए भी किया जाता है। इसलिए, सतर्क रहना और ऐसी गतिविधियों से बचना जरूरी है क्योंकि एक गलत कदम आपके भविष्य को खतरे में डाल सकता है।

खेलों को अपनाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इसके समग्र लाभों में शारीरिक और मानसिक कल्याण, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी शामिल हैं। मोबाइल, लैपटॉप और टेलीविजन जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से आज की पीढ़ी के बीच शारीरिक गतिविधियों में गिरावट आई है। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि हुई है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर उन्होंने बच्चों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सशक्त बनाने और उन्हें नवाचार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

## पहला कॉलम...

### दिल्ली दरवाजा के सामने दीप यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आज दिल्ली दरवाजा के सामने दीप यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन एवं हनुमान जी का स्वरूप धारण कर नन्हें मुन्ने बच्चे सजीव झांकी के रूप में उपस्थित हुए। सैकड़ों भक्तों ने दीप प्रज्वलित किया।

### स्टेशन पारा में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। स्टेशन पारा वार्ड 11 में श्रीराम जी के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा का शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली ने स्टेशन पारा पार्षद कार्यालय के सामने पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत कर खीर प्रसादी का वितरण किया एवं बच्चों को चाकलेट बांटा, सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रीतराम साहू, गोपाल सिन्हा, मनीष शर्मा, हनीफ खान, देवेंद्र साहू, दिनेश महराज, रोहित यादव, लिलेंद्र साहू, गोलु पाल, गोलु विश्वकर्मा, नंदू रामटेके, राजेश सिन्हा, पप्पू यादव, भोलू सिन्हा, छोटू यादव, गौरव यादव, दिव्यांश यादव, द्वारका यादव, शंकर नागदेवे सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### राममय हुई संस्कारसिटी




राजनांदगांव (दावा)। बहुआयामी संस्था संस्कार सिटी इन्टरनेशनल स्कूल ने रामलला की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बीस जनवरी की प्रार्थना सभा में विविध रामलीलाओं की प्रस्तुति नन्हें-मुन्हें बच्चों ने की।

प्रार्थना सभा की शुरुआत हनुमान चालीसा की लयबद्ध प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात् पूर्व-प्राथमिक शाला के बच्चों ने विविध वेशभूषा के अंतर्गत राम-लक्ष्मण एवं माता सीता की मोहक झलक प्रस्तुत किया। प्राथमिक शाला के बच्चों ने राम वनगमन के महतीय प्रसंग माता शबरी के झूठे बेर खाने की झाँकी प्रस्तुत की। प्राथमिक शाला के ही कक्षा पहली के बच्चों द्वारा राम स्तुति का गान प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा काव्य-पाठ एवं उच्चतर माध्यमिक के बच्चों द्वारा 'राम आएँगे' नृत्य नाटिका की मोहक प्रस्तुति दी गई। रंगारंग कार्यक्रमों एवं छोटे-छोटे राम-लक्ष्मण सीता एवं हनुमान की मोहक छवि से समस्त वातावरण राममय हो गया। प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने बच्चों को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने एवं उन्हें अपने जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया।

### आज कवि सम्मेलन तुमड़ीबोड में

राजनांदगांव (दावा)। आज दिनांक 23 जनवरी को तुमड़ीबोड में भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आज रात्रि 7 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहित पटेल ने बताया कि इस आयोजन में देश की जानी-मानी शीर्षस्थ कवि भाग लेंगे, जिसमें राष्ट्रवादी कवि ओमपाल निडर उत्तरप्रदेश, अकबर ताज खंडवा मध्यप्रदेश, माधुरी किरण बालाघाट, मीर अली मीर रायपुर, वीरेन्द्र तिवारी, गुनिराम वर्मा, बादल प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकेश जैन राजनांदगांव बांगर सीमेंट शेण्डो होंगे। अध्यक्षता सुरेश जैन समाजसेवी तुमड़ीबोड करेंगे। आयोजन समिति ने कवि प्रेमियों से इस कार्यक्रम में उपस्थित की अपील किया है। उक्त जानकारी तारस तेलासी ने दी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
19th Jan to 25th Jan 2024




Main Atal Hoon - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
6 9 5 - 12:00, 06:00 and 09:15 pm
Tahi Banbe Mor Dulhaniya (Chhattisgarhi) - 12:15, 03:15 and 06:15 pm
Hanu-man - 03:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर शीतला माता मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

- श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से धर्मप्रेमियों एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा सीधा प्रसारण
- श्रीराम के जीवन पर आधारित मानस गान, भजन एवं रामलीला का हुआ मंचन
- धर्मप्रेमी, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने दीप दान कर दीप जलाए





राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के पावन अवसर पर 22 जनवरी को देशभर में भव्य रूप से भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम सोनारपारा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ शीतला माता मंदिर में आयोजित कर धर्मप्रेमियों, जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकार मित्रों की उपस्थिति में अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मानस मंण्डलियों के द्वारा श्रीरामचन्द्र जी के जीवन पर आधारित मानस गान व भजन गाया गया एवं रामलीला के माध्यम से रामचरित मानस का मंचन किया गया। कार्यक्रम में दीप दान कर हजारों की संख्या में दीप जलाए गये।

रामोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहित पूर्व सांसद अशोक शर्मा, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचन्द पारख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, छत्तीसगढ़ वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा, पार्षद शिव वर्मा, श्रीमती जया दुर्गेश यादव, राजेश जैन रानू, मनीष साहु, महेश साहु, गगन आईच, पूर्व पार्षद श्रीमती माया शर्मा के अलावा कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भगवान श्रीराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया।

इस अवसर पर सांसद श्री पाण्डे ने अपने उद्बोधन में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हम आज श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद आज रामलला स्थापित हुआ। भारत की पहचान राम, कृष्ण, हिमालय और गंगा से है। भगवान राम हम सब के अराध्य हैं। उन्होंने कहा कि मैंने जीवन में ऐसी कल्पना नहीं की थी कि गॉव, शहर, प्रदेश एवं देश राममय होगा तथा देश में सांस्कृतिक पुनरोत्थान होगा। महापौर श्रीमती देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में आज श्रीरामचन्द्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्सव मनाया जा रहा है। हम सबके लिए गौरव की बात है कि हम इसके साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर संस्कारधानी में भी विगत 10-15 दिनों से कलश यात्रा, घर-घर अक्षत वितरण, बाईक रैली, श्रीरामचन्द्र जी की शोभायात्रा के अलावा अलग-अलग स्थानों में लाखों की तादाद में दीप जलाए जा रहे हैं तथा भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर सिद्धपीठ शीतला माता मंदिर में जिला एवं निगम प्रशासन द्वारा भव्य भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने सभी को श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव कार्यक्रम के प्रारंभ में सुनील बंसोड एवं उनकी टीम द्वारा श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण किया गया। प्रसारण पश्चात सलोनी की रामलीला मंण्डली के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया एवं नगर के मानस मंण्डलियों द्वारा रामचरित मानस पर मानस गान की प्रस्तुति दी गई। संध्या में धर्मप्रेमियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों ने बूढ़ा सागर में दीप दान किया तथा शीतला माता मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में दीप जलाये गये। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रसादी का वितरण किया।

## कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ प्रदाय किए जाने मुख्य अभियंता को दिया गया ज्ञापन

**15 दिनों बाद परिक्षेत्र व मंडल कार्यालय का घेराव करेगा संघ**

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे द्वारा दी गई प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है की,कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ प्रदाय किए जाने की मांग से संबंधित ज्ञापन मुख्य अभियंता, लोकनिर्माण विभाग, परिक्षेत्र दुर्ग,अधीक्षण अभियंता, लोकनिर्माण विभाग मंडल, दुर्ग को दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय का प्रत्र क्रमांक 4025 दिनांक 16 अक्टू. 2023 के परिपालन में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन रायपुर का पत्र क्रमांक 35081971/स्था / रायपुर दिनांक 21नवंबर 2023 के अनुसार शासन व विभागाध्यक्ष ने 10 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके कार्यभारित स्थापना में नियमित हुए कार्यभारित गैंगमैन श्रमिकों को समयमान वेतनमान प्रदाय करने के आदेश प्रसारित किया है। जिसके लिए समय-समय पर धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकृष्ट करके उच्च अधिकारियों से चर्चा की थी। किंतु शासन से आदेश जारी होने के बाद भी आपके परिक्षेत्र एवं मंडल स्तर पर आज दिनांक तक कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया, जो कि अत्यंत खेदजनक है।

**15 दिनों बाद परिक्षेत्र व मंडल कार्यालय का घेराव**

उपरोक्त मांग पूरी नहीं होने की स्तिथि में संघ द्वारा परिक्षेत्र व मंडल कार्यालय का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि, 15 दिवस के अंदर शासन के आदेश का पालन करते हुए अतिशीघ्र समयमान वेतनमान का लाभ कर्मचारियों को देते हुए संघ को अवगत कराने का कष्ट करेंगे। विलंब की स्थिति में संघ को बाध्य होकर कार्यालय का घेराव करना पड़ेगा।

शासन के आदेश की प्रतिलिपि मंत्री लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, कलेक्टर, जिला-दुर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग, अभियंता प्रांताध्यक्ष/अध्यक्ष समस्त, दुर्ग संभाग की ओर सादर सुचनार्थ प्रेषित किया गया है। उक्त जानकारी योगेश चौरे (प्रांतीय महामंत्री) छत्तीसगढ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा जारी की गई है।

## कैलाश धाम शांति नगर चिखली में भव्य कलश यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी धर्मनगरी राजनांदगांव के कैलाश धाम शांतिनगर चिखली में प्राण प्रतिष्ठा के परिपेक्ष में आज 1008 भव्य कलश यात्रा राम जन्म प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राममय हो गया है। इस कलश यात्रा रैली में युवा मातृशक्ति नारी शक्ति सभी वर्गों ने भाग लिया श्री राम के जय घोष और भजन जय श्री राम के नारे गूंजते रहे समिति के पदाधिकारी सदस्य सहित वार्ड एवं शहर के धर्म प्रेमी नागरिक शामिल हुए माता एवं बहन एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

भक्त जनों ने भगवा वस्त्र एवं पीला वस्त्र पगड़ी पहने हुए राममय हो गए हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए डीजे के धुन में जय श्री राम के जय घोष करते हुए माहौल राममय हो गया था। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यगण ललित नायडू (अध्यक्ष), सुनील साहू, सुरेश डेकाटे (संरक्षक), कार्यकर्ता ज्वाहर वर्मा, भागवत निषाद, श्यामा सुखदेव, ललित नायडू, देवेश साहू, सुभाष पटेल, कृष्णा निषाद, तेज राम यादव, पुनम निषाद, गोपाल सिन्हा, उमेश निनावे, भरोसा साहू, राधे साहू, छेदू साहू, अग्नू साहू, कुबेर साहू, चन्द्रकान्त कौमार्य, धनउ यादव, समय यादव, किरण निषाद, रमेश साहू, ललित कश्यप, श्याम लाल निषाद, रमेश साहू, हरिश साहू, रवि साहू, नितिन वर्मा, डॉ. अश्विनी ताम्रकार, राधे भाई, विजय यादव, धरम साहू, अनुराग कापकर, श्यामू निषाद, विकेश शर्मा, रवि सिंग राजपूत उपस्थित थे।

## सुरगी क्षेत्र के जर्जर सड़क निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग का हुआ भूमिपूजन



**अब सुधरेगी सुरगी से लेकर कुम्हालोरी तक सड़क की दुर्दशा**

राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर सुरगी से कुम्हालोरी तक की हुई सड़क दुर्दशा का उद्धार होने का मुहुर्त निकल आया। यह मुहूर्त प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर ही श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह अवसर के दिन निकला और जिले के पूर्व सांसदों के हाथों भूमिपूजन कर उक्त जर्जर सड़क के उद्धार का मार्ग प्रशस्त किया गया।

बता दें कि कांग्रेस के जमाने में पांच साल तक उक्त सड़क अपने दूरावस्था में पड़ी रही। इस जर्जर मार्ग में रोजाना कोई न कोई दुर्घटनाएं होते रहती थी। इसके इस क्षेत्र के लोग काफी परेशान थे। सुरगी क्षेत्र के इस बहूप्रतिछित मांग वाली सुरगी से लेकर कुम्हालोरी व हल्दी तक की सड़क का आज भूमिपूजन किया गया। बता दें कि राजनांदगांव विधानसभा सुरगी क्षेत्र के ज्वलंत समस्या सड़क को लेकर लोगों ने रोड पर आकर प्रदर्शन भी किए थे। नेता अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया था। लेकिन कांग्रेस शासन काल में उक्त मांग पूरा नहीं हो पाया था। जिसको पूरा करती हुई भाजपा सरकार ने आज भूमिपूजन किया जिसमें मुख्य अतिथि जिले के पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव एव पूर्व सांसद अभिषेक सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, राजेंद्र गोलछा, लीलाधर साहू, अशोक देवांगन, सुरगी ग्राम पंचायत के सरपंच आनंद राम साहू एवं पंचग प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, श्रीमती देव कुमारी साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी प्रभारी गुरुचरण सिन्हा, सुकृत साहू, नारद साहू त्रिलोकचंद पारख, समारु राम, दीपक, नारोत्तम मंडल, तोमन निषाद, रणसिंह साहू, युवा मोर्चा से खिलेश्वर साहू, तेज प्रकाश सिन्हा, पवन साहू, हितेंद्र यादव, चंद्रप्रकाश साहू, गजेंद्र साहू, गजानन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-4-8
689-3 226-0
राजधानी
2-3-5
120-3 256-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## शांतिनगर के बुद्ध विहार में बहुत ही अच्छा संस्कार प्राप्त कर रहे हैं बच्चे योग एवं ध्यान



राजनांदगांव (दावा)। शांतिनगर के बुध्द विहार में बहुत ही अच्छा संस्कार प्राप्त कर रहे हैं। बच्चे योग एवं ध्यान साधना शिविर के समापन समारोह में बोले रेड जिम के संचालक रितेश घरडे बौध्द सेवा समिति एवं रमाआई महिला मंडल, करुणा बुध्द विहार शांतिनगर के तत्वाधान में 14 जनवरी से 21 जनवरी तक सात दिवसीय योग एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों ने भाग लेकर शिविर का लाभ प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेड जिम राजनांदगांव के संचालक रितेश घरडे उपस्थित थे, जिन्होंने शांतिनगर बुध्द विहार में सामाजिक परिवर्तन के कार्य को देखते हुए कहा कि शांतिनगर के बुध्द विहार में यहाँ के बच्चे बहुत ही अच्छा संस्कार प्राप्त कर रहे हैं और यहाँ के कार्यकर्तागणों की मेहनत से राजनांदगांव पूरे देश में गर्वान्वित हो रहा है, योगा प्रशिक्षक पूजा चोखान्द्रे ने योग के महत्वपूर्ण गुण एवं लाभ के बारे में बताया, बौ. से. स. के भूतपूर्व अध्यक्ष यादवराव भीमटे ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किये, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार ऊके ने समिति के द्वारा आयोजित सकारात्मक पहलुओं को निरंतर बनाये रखने की सलाह दिये, वर्तमान अध्यक्ष संदीप कोल्हाटकर ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने योग एवं ध्यान साधना के विषय में अपना अनुभव साझा किये।

### श्रीमती शचि अग्रहरि का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बाबा फर्नीचर कामठी लाइन के संचालक प्रदीप गुप्ता अग्रहरि की धर्मपत्नी श्रीमती शचि अग्रहरि (57) का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। आज शाम लखोली मुक्तिधाम में उनकी काया को पति प्रदीप गुप्ता अग्रहरि ने मुखाग्नि दी।

मुक्तिधाम में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी गई।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, प्रोजेक्ट संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव**

**आवश्यक सूचना**

समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि चौकी-मोहला-मानपुर जिले में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योगना के अंतर्गत नई 33 के.व्ही. लाईन अमलीडीह से कुमर्दा तक खींची गई है, उक्त लाईन ग्राम अमलीडीह, कोनारी, साल्हेगुगवा, श्वेतापारा, माथलडबरी, मोहड़, खुर्सीटिकुल, आमगांव, अछोली से होते हुए कुमर्दा तक गई है। उक्त नई खिचीं गई लाईन को इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है, अतः विद्युत लाईन के खंबों एवं स्टे आदि से सुरक्षित दूरी बनाये रखे तथा किसी प्रकार की छोड़छाड़ न करें।

एस.के. चन्द्राकर
कार्यपालन अभियंता परियोजना संभाग
छ.स्टे.पां.डि.कं.लि. राजनांदगांव

**कार्यालय प्राचार्या**

**स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग)**

क्रमांक/86/शानम/निविदा/2024 कबीरधाम दिनाक 19/01/2024

**मैनुअल पद्धति से तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.) में सुरक्षा सेवाएं सफाई तथा सेवाएँ प्रदान करने हेतु स्व श्रीमती तुज देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.) की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी एजेंसियों से मैनुअल पद्धति से पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा दस्तावेज जिसमे पात्रता मानदंड, कार्य का दायरा, शर्त और मसौदा समझौता आदि कार्यालय में एजेंसी के लेटर हेड में सुरक्षा सेवाएं तथा सफाई सेवाएं हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत कर पृथक-पृथक सुरक्षा सेवाएं तथा सफाई सेवाएं हेतु रूपये 1500/-(रूपये एक हजार पांच सौ मात्र) का प्राचार्य शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम के नाम से देय डिमांड (भारतीय स्टेट बैंक अथवा किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक का) जमा कर निम्न विवरणानुसार तिथियों में प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं है।

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की प्रारंभ तिथि | - 23.01.2024 समय 10.30 बजे से |
| निविदा बिक्री की अतिम तिथि | - 01.02.2024 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - 01.02.2024 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा खोलने की तिथि | - 06.02.2024 सुरक्षा सेवा हेतु समय प्रातः 09.30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | - 06.02.2024 सफाई सेवा हेतु समय दोपहर 12.30 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान | - शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, वीर सावरकर भवन के पास कबीरधाम (छ.ग.) |
| निविदा खोलने का स्थान | - शासकीय नसिंग महाविद्यालय, वीर सावरकर भवन के पास कबीरधाम (छ.ग.) |

नोट- सीलबन्द लिफाफा के ऊपर में 'Tender for Safai Service' स्पष्ट उल्लेख करें।
नोट - सीलबन्द लिफाफा के ऊपर में 'Tender for Surkaha Service' स्पष्ट उल्लेख करें।

जी- 07267/2

प्राचार्या
सर श्रीमती सुधा देवी स्मृति
शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.)

# राम के जश्न में डूबा शहर, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद झूम उठे भक्त, पूरे शहर में दिखा दीपावली सा नजारा





**दिग्विजय स्टेडियम से लेकर जयस्तंभ चौक, गायत्री शक्तिपीठ, मिथिलाधाम, महाकाल मंदिर में जले लाखों दीप, श्री राम लला-प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी में हर घर जले दीप, जमकर हुई आतिशबाजी**

राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या के भव्य दिव्य एवं नव्य मंदिर में भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होते ही संस्कारधानी नगरी में जमकर फटाके फोड़ गये और जय-जय श्री राम का नारा उद्‌घोष कर आसमान को गुंजायमान कर दिया गया।

शहर का ऐसा कोई चौक-चौराहा व कोना नहीं होगा जहां दनादन फटाके नहीं फूटे होगे। जमकर रौशनाई नहीं की गई होगी। शहर में जगह-जगह आतिशबाजी की गई और घरों से लेकर मंदिरों व चौक-चौबारे में सैकड़ों की संख्या में दीए जलाएं। घर-आंगन में आकर्षक रंगोली सजाकर व सैकड़ों दीप जलाकर खुशी-खुशी श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा का दीपावली त्यौहार मनाया। लोगों में लड्डू बांटे गए और एक दूसरे से मिलकर श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। बता दें कि इस दौरान जय-जय श्रीराम का जयघोष जय-जय सियाराम के रूप में ध्वनित होते देखा गया। इसकी वजह जब तक अयोध्या में श्रीरामलला नहीं पधारे थे तब तक चल रहे श्री रामजन्म भूमि आंदोलन में जोश एवं जज्बे को बनाए रखने जन-जन में संचार किए रखने से था।

### दीपोत्सव पर्व की धूम

अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश सहित विदेशों में रामोत्सव की खुशियाँ बिखरी रही वही शाम होते ही लोगों ने अपने घरों से मंदिरों व चौक-चौराहों सहित बड़े मैदानों में लाखों दीए जलाए और धूमधाम के साथ दीपावली का पर्व मनाया। शहर के गायत्री शक्ति पीठ में मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों दीए प्रज्जवलित कर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। यहां मंदिर के पुरोहितों सहित महिला साध्वियों ने वैदिक मंत्र पढक़र दीप यज्ञ में स्वाहा उच्चारण के साथ प्रतीकात्मक आहूतियॉं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में गायत्री परिजन व सनातन धर्मी जन उपस्थित थे। मंदिर के ट्रस्टी द्वय सूर्यकांत चितलांग्या व बृजकिशोर सुरजन ने सभी आगतजनों की श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इसी तरह जयस्तंभ चौक में सनातन धर्मप्रेमी बधुओं ने भी जय श्री राम व धनुष बाण की आकृति उकेर कर उसमें सैकड़ों दीए प्रज्जवलित की और जय-जय सियाराम का उच्चार करते हुए श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की खुशिया मनाई।

शहर के दिग्विजय स्टेडियम में भी ढ़ाई लाख दिए जलाकर भव्य दीपोत्सव पर्व मनाया गया। इस दौरान यहां जमकर आतिशबाजी भी की गई और आगत अतिथियों के हाथों भगवान श्री रामचन्द्र जी का पूजन कर पूरे स्टेडियम मैदान में लाखों दीए का प्रज्जवलन किया गया। इससे यहां जमकर खुशियां बिखरी रही।

### मिथिलाधाम में दीपोत्सव

शहर के नये बस स्टैण्ड समीप स्थित श्रीराम जानकी मंदिर मिथिला धाम में सोमवार को सुबह से भगवान श्री रामचन्द्र जी की पूजा-पाठ का माहौल रहा। मंदिर के व्यवस्थापक अशोक चौधरी ने बताया कि सायंकाल में मंदिर में सैकड़ों दीए जला कर श्री राम प्राण-प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई और एक दूसरे से मिल कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी तरह बी.एन.सी. मिल समीप स्थित श्री राम मंदिर में दिन भर पूजा-पाठ का माहौल रहा यहां टीवी पर अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। निकटस्थ ग्राम सिंघोला में स्थित भगवान चन्द्र मौलेश्वर महाकाल मंदिर में दिन भर पूजा-पाठ, रूद्राभिषेक व अन्य अनुष्ठान सहित मंदिर में 5 हजार दीप जलाए गए। यहां श्री रामोत्सव अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।





## रामोत्सव पर महापौर निवास कार्यालय में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में आज 22 जनवरी को आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश के कोने-कोने में रामोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रामाधीन मार्ग स्थित महापौर निवास कार्यालय में रामोत्सव मनाया गया। जिसके तहत् हनुमान चालीसा का पाठ कर रामस्तुति की गई। धार्मिक आयोजन के प्रारंभ मे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहपरिवार भगवान रामचन्द्र जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किये। पूजा पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर रामस्तुति किये।

महापौर श्रीमती देशमुख ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए कहा कि, आज इस पावन दिवस पर पूरा देश राममय हो गया है। लोग चाहे वो बड़े हो बुढ़े हो बच्चे हो महिला व पुरूष हो सप्ताह भर से पूरे उत्साह के साथ प्रभु रामचन्द्र जी की पूजा अर्चना कर रहे है। उन्होंने कहा कि, जहॉ एक ओर प्रातः हर गली मोहल्ले से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। वही बाईक रैली, भगवान रामचन्द्र जी की शोभायात्रा निकालने के साथ-साथ रामचरित पर भजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

आज इस पुनित अवसर पर महापौर निवास कार्यालय में भी हनुमान चालीसा पढ़कर रामस्तुति की जा रही है। मैं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देती हूॅं। धार्मिक आयोजन में पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया व सुदेश देशमुख सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

## प्राण- प्रतिष्ठा को लेकर सांसद संतोष पाडेय बोले- बहुत ही उत्साह और उमंग भरा है यह पल



कबीरधाम। अयोध्या में आयोजित किए जा रहे प्रभु 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' के अवसर पर कवर्धा के पटेल मैदान में दो दिवसीय भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजनांदगांव-कवर्धा लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह बहुत ही प्रसंन्नता की बात हैं कि जिसके लिए हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, वह दिन आ गया है। सांसद ने आगे कहा कि मुझे याद है कि मैं कार सेवा में गया था, जहां उस मैदान में पूरे भारत के लाखों राम भक्त पहुंचे थे। वह पल बहुत ही उत्साह और उमंग का था। आज वह समय आ गया है, जहां मंदिर का निर्माण हो गया है। आज भगवान राम लला का अयोध्या में भव्यता के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है और हम उसके साक्षी होंगे।

सांसद ने कहा कि हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि हमे इस अवसर को देखने मिलेगा। वहीं पटेल मैदान में आस्था कला मंच की प्रस्तुति, स्कूली विद्यार्थियों की भक्तिमय मनमोहक कार्यक्रम और भक्ति सागर समूह की भजन संध्या से कवर्धा शहर राममय हो हुआ। इस कार्यक्रम में सोमवार को स्थानीय विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने हिस्सा लिया।

## आज केन्द्रीय विद्यालय में पराक्रम दिवस, चित्रकला स्पर्धा भी होगी आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में कल नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। छात्रों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा कल देश भर के स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में आज आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के 100 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता का समय प्रातः 10 से 12 बजे रहेगा और प्रतिभागियों के लिए रिपोर्टिंग टाइम प्रातः 9:00 बजे रहेगा। हमारे देश के महान नेता के जीवन पर छात्रों को प्रेरित करने और उनमें देशभक्ति की भावना जगाने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने की एक अनूठी पहल परीक्षा पे चर्चा के तहत देश भर के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों (केवी) में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में परीक्षा पे चर्चा के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मूल मंत्र, चंद्रयान 3 और प्रगतिशील भारत मुख्य विषय हैं।

पेंटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के छात्रों, राज्य बोर्ड, नवोदय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों से विचारों की इस अनूठी रचनात्मक अभिव्यक्ति में विविध भागीदारी देखने की उम्मीद है। केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में राज्य बोर्ड के नजदीकी स्कूलों और जिले के सीबीएसई स्कूलों से 70 छात्रों को आमंत्रित किया गया है,10 प्रतिभागी नवोदय विद्यालय से और 20 छात्र केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव और केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ के होंगे। छात्र और शिक्षक इस चित्रकला प्रतियोगिता का बहुत उत्साह से इंतजार कर रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में भी 23 जनवरी को पराक्रम दिवस और परीक्षा के तनाव से निपटने की अनूठी पहल के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हो रही है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश राममय हुआ - वरुण पाडे



राजनांदगांव (दावा)। भाजयुमो के जिला कार्यकारिणी सदस्य युवा नेता ने बताया कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व अमित शाह, योगी जी के नेतृत्व मे पूरा देश राममय हुआ वही वरुण पांडे ने कहा है कि यह हिंदू समाज के लिए बहुत ही खुशी का पाल है 500 वर्ष बाद हिंदू इस पल के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा था अब वह पल मोदी जी के नेतृत्व में आ ही गई 22 तारीख को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है जिसको लेकर पूरे देश विदेश में राम भक्त अपने-अपने गली मोहल्ले घर को सजा रहे हैं बहुत ही उत्साहित हैं। अपने रामलाल के दर्शन के लिए और वरुण पांडे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी जो राम को लाए हैं अब हम उनको लाएंगे 2024 में फिर से बनेगी भाजपा की सरकार।

## शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया स्मरण



राजनांदगांव (दावा)। हेमू कालाणी नगर में पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा शहीद हेमू कालाणी चौक पर एकत्रित होकर भारत मां के सच्चे सपूत शहीद हेमू कालाणी के 81वें बलिदान दिवस पर दीप प्रज्वलित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सिंधी समाज के वरिष्ठ आवतराम तेजवानी, ब्रम्हानंद बजाज, घनश्यामदास गंगवानी ने एक स्वर में कहा कि अंग्रेजों ने दिल्ली में भारी तबाही मचाने के लिए गोले, बारूद से भरी मालगाड़ी रवाना की, इसकी सूचना मिलते ही वीर हेमू कालाणी ने अपनी हिंद सेना के साथ ट्रेन को लाहौर में रोका। हेमू कालाणी जब मात्र 7 वर्ष के थे तब वह तिरंगा लेकर अंग्रेजों की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे। 1942 में 19 वर्षीय किशोर क्रांतिकारी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' नारे के साथ अपनी टोली के साथ सिंध प्रदेश में तहलका मचा दिया था। 1942 में क्रांतिकारी हौसले से भयभीत अंग्रेजी हुकूमत ने हेमू की उम्र कैद को फांसी की सजा में तब्दील कर दिया। फांसी पर झूलना ही बेहतर समझा और माँ की चरण वन्दना करते हुए कहा 'मेरा सपना पूरा हुआ, अब जननी भारत को आजाद होने से कोई नहीं रोक सकता'। 21 जनवरी 1943 को हेमू कालाणी को फांसी दे दी गई थी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, ब्रह्मानंद बजाज, गुरमुखदास वाधवा, महासचिव अमर लालवानी, पवन गनसानी, डॉ. करतार सिंह, कंजवानी, चंदन रूचंदानी, गोविंद सिंह वाधवानी, मनोहर पंजवानी, विनोद लुल्ला, नंदलाल पंजवानी, नितिन बत्रा, पंकज जेठानी, अशोक तेजवानी, रमेश गिडवानी, दौलत रामचंदानी, प्रकाश वाधवानी, हरीश मोटलानी, अर्जुन गंगवानी, अशोक झमटानी, चंद्रपाल कटियारा, अशोक मोतीरामानी, डॉ. मुरलीधर, ज्ञानचंद लालवानी, मनोहर बजाज, राम मंजर, कौशल शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं भी उपस्थित थी। मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि समाज के सभी लोगों ने मोमबत्ती जलाकर वीर शहीद हेमू कलानी को याद किया।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ से गुंजा डीपीएस प्रांगण

राजनांदगांव(दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान किया गया। ऐसी मान्यता है कि सुंदरकांड पाठ करने से साधक और श्रवण करने वाले की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पाठ को करने से हर संकट से मुक्ति मिलती है। सुंदरकांड पाठ हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। सुंदरकांड पाठ में हनुमान द्वारा किये गए महान कार्यो का वर्णन है। रामायण में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व है। शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस केवल भक्तिमार्ग के साधकों का भाव ही पुष्ट नहीं करती, वरन उनका अध्यात्मिक, सामाजिक तथा व्यवाहरिक जीवन का मार्गदर्शन भी करती है। एक सम्पूर्ण व्यावहारिक जीवन दर्शन को समेटे हुए यह एक ऐसा ग्रन्थ है जो संसारिक जीवों के अध्यात्मिक, व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और राजनैतिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। इस पुनित कार्य के लिए डीपीएस परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।



## युगांतर हुआ राममय : युगांतर ने निकाली भव्य शोभायात्रा




राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर को विख्यात भजन गायक सजल बैद ने अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियों से समा बांधा। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थीगण इनके भजनों नाचते-झूमते हुए भाव विभोर हो गए। इसी तारतम्य में विद्यालय में भव्य शोभा यात्रा शाम 6.15 को निकली। विद्यालय परिसर को 1500 दीयों से सुसज्जित किया गया। यही नहीं विद्यालय के कला विभाग के शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल द्वारा आकर्षक पुष्प सज्जा की गई तथा साथ ही श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान व शबरी की रंगोली भी बनाई गई। उन्होंने दीयों की सजावट मे श्री राम, स्वास्तिक की शानदार रूप रेखा बनाई। प्राइमरी विभाग के विद्यार्थी इस बृहद कार्यक्रम के भागीदार बने। हवन का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थीगण श्रीरामलला को यज्ञ की आहूति प्रदान की।

युगांतर के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि श्रीरामलला का स्वागत करने के लिए युगांतर परिवार ने यह शानदार आयोजन किया। 500 वर्षो के इन्तजार के बाद सभी भारतीयो के लिए यह सुखद अवसर है। युगांतर इसमें शामिल होकर राम राज्य की कल्पना को साकार करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र कोटड़िया, अजय सिंगी, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने समस्त देशवासियों को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर बधाई संप्रेषित की।

इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राममय भजनों का गायन करके इसे ऐतिहासिक बनाया गया। विद्यार्थियों की ओर से प्रियेश रोय, अक्षरा श्रीवास्तव, राशि जोशी, वर्णिका तिवारी, प्रकृति अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, प्रणव खंडेलवाल द्वारा भजनों का शानदार प्रस्तुतिकरण हुआ। इस आयोजन में शुरू से अंत तक केतन गुप्ता राम, अरिहंत गुप्ता लक्ष्मण, सक्षम जांगड़े हनुमान की भूमिका में उपस्थित रहे। भजनों को संगीतमय बनाने में विद्यार्थियों की ओर से प्रत्युष गेडाम, शीतल बोहारिया, शिक्षक की ओर से वी एन राय, अक्षय के हरि, गोपी प्रसाद पटेल, विनय नायडू, आकांक्षा चतुर्वेदी, प्रवीण राजन, नम्रता तिवारी, मनोज राय ने अमूल्य योगदान दिया। शोभायात्रा में बैंड पार्टी का नेतृत्व छात्र भूषण दियेवार, आसिफ हुसैन, उबैद, दीप, रोनित जायसवाल, विहान कुंडलिक, पीयूष कालबाँधे ने किया। विद्यालय के मेस प्रभारी खूबचन्द जोशी व निभू शर्मा स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की। प्री प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज ओजस्वी यादव, प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, मीडिल के सेक्शन इंचार्ज सुरेश उपाध्याय, हाई स्कूल की सेक्शन इंचार्ज सुषमा प्रताप, हायर सेकंडरी के सेक्शन इंचार्ज मदनमोहन कालबाँधे ने सम्मिलित होकर आयोजन को सफलता के अंजाम तक पहुँचाया। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने भी विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं के भजनों में सहभागिता दर्ज करके आयोजन की खुशियों को चौगुना कर दिया। इस शानदार आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रबंध समिति के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इंटरजिम लेवल शरीर सौष्ठव स्पर्धा 27 को

राजनांदगांव (दावा)। जय भवानी व्यायाम शाला एवं जिला जिम संचालक संघ, जिला सतनामी सेवा समित के तत्वावधान में 27 जनवरी को शहर के विभिन्न जिमों में अभ्यासरत बॉडी बिल्डरों के बीच आकर्षक प्रतियोगिता होगा।

**0 स्व. पुरूषोत्तम आजमानी के स्मृति में सदभावना ट्राफी शरीर सौष्ठव स्पर्धा**
**0 सतनाम भवन में होगी बॉडी बिल्डरों के बीच स्पर्धा**

जय भवानी व्यायाम शाला एवं जिम संचालक संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी, सचिव रितेश घरडे ने संयुक्त रूप से बताया कि राजनांदगांव व छ.ग. प्रदेश में आयरन खेलों के प्रेरणास्त्रोत रहे स्व. पुरूषोत्तम आजमानी (सत्तू भैया) के स्मृति में यह आयोजन गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जावेगा। विजेताओं को ग्यारह हजार रूपये की नगद राशि व आकर्षक ट्राफी व गिफ्ट दिये जायेंगे।

प्रति खिलाड़ी के पंजीयन शुल्क 200 रू. होगी। यह स्पर्धा ऊंचाई वर्ग समूह में होगी। इस स्पर्धा में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन व बेस्ट पोजर का खिताब दिया जाएगा।

इस स्पर्धा में जिला शरीर सौष्ठव संघ के पदाधिकारी शेख वसीम, अजय श्रीवास्तव, बसंत मैगी, नीरज शुक्ला, विवेक रंजन सोनी, नाहिद अख्तर, अशोक श्रीवास, दीपक सोनी, दीपक ठाकुर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला जिम संचालक संघ के उपाध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

## अनमोल दावा

> **समझनी है जिंदगी तो पिछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो..**

# ईजराइल के लिये मजदूरों की भर्ती और गिरमिट युग के खतरे

गरीबी और बेरोजगारी कितनी भयावह होती है और कितने संत्रास में धकेल देती है, गिरमिट प्रथा इसका ऐतिहासिक प्रमाण है।जिसे अंग्रेज मालिकों ने 1834 में शुरू किया था। छलांग लगाती अर्थव्यवस्था की डींगे मारते हुए एक तरफ हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहे हैं और दूसरी तरफ हजारों मजदूरों को युद्ध से घिरे संकटग्रस्त इजराइल में किसी सुरक्षा और मानवीय श्रम कल्याण कानूनों के पालन के बिना निर्माण श्रमिकों को भेजने के लिए भर्ती अभियान चला रहे हैं। यह देश में फैली भीषण बेरोजगारी पर देश की वस्तुस्थिति.है।

अभी उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार ने निर्माण मजदूरों के इजराइल में भर्ती किए जाने के विज्ञापन निकाले हैं जिनमें अत्यंत आकर्षक वेतन लगभग एक लाख तीस हजार रुपए प्रतिमाह का जिक्र किया गया है । राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा जारी प्रपत्रों में इसे विदेश में सपनों का पासपोर्ट बताया गया है। हरियाणा के रोहतक में हजारों की संख्या में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि राज्यों से मजदूर पहुंच रहे हैं ,जहां इजराईली नियोक्ता उन्हें इंटरव्यू करने आ रहे हैं।। हालांकि वे नहीं जानते कि इस तरह की भर्ती में वे केंद्र सरकार के ई-माईग्रेट की सुरक्षा से वंचित भी किये गये.हैं।ई -माईग्रेट पर पंजीकृत श्रमिकों को सरकार कानूनी सुरक्षा प्रदान करती है।संकटग्रस्त क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों की इस आकर्षक तनख्वाह में से इजरायली नियोक्ता रहने खाने और बीमा के पैसे काट लेगा ।यह इजराईली मुद्रा में कितना होगा कोई नहीं जानता। मजदूर को आने जाने टिकिट के खर्च भी स्वयं ही वहन करने पड़ेंगे जबकि उसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम को भी भर्ती सेवा शुल्क के रूप में 10 हजार का भुगतान भी करना पड़ेगा।

देश में बेरोजगारी के भयानक संकट के बीच यह इस तरह की भर्ती है ,जिसमें सरकार कोई जिम्मेदारी उठाने के लिये तो तैयार नहीं है,फिर भी फेसिलिटेशन फीस बसूल रही है। इसे सपनों को सजीव करने का अवसर बता रही है।

बिना किसी कानूनी सहायता के इस तरह मजदूरों को संकट ग्रस्त क्षेत्रों में भेजना कहीं गिरमिटिया युग की शुरूआत तो नही कर देगा।जैसा अंग्रेजों ने 1834 में शुरू किया था जब भारतीय मजदूरों को आफ्रीकी देशों जैसे फीजी,ब्रिटिश गुयाना, डच गुयाना, सूरीनाम, ट्रिनिडाड, टोबेगा, नेटाल में गन्ने की खेती और शक्कर मिलों में काम करने के लिये ले जाया जाता.था।एक कागजी एग्रीमेंट के माध्यम से मजदूरों को ले जाने के इस एग्रीमेंट को गिरमिट और मजदूर को गिरमिटिया कहा जाने लगा और उन्हें गुलाम बना लिया गया था।

इतिहास में दर्ज है कि गिरिमिटियायों की भर्ती में सामान्यतः 40 फीसदी महिलायें भी जातीं थीं ।काफी महिलायें मालिकों के शोषण का शिकार होतीं थी।गिरमिटिया स्त्री या पुरुष शादी नहीं कर सकता था और अगर कर ले तो उनकीं संताने भी मालिक की संपत्ति मानी जातीं थीं।वे एक नारकीय जीवन जीने पर मजबूर थे।12 से 18 घंटे काम करने वाले ये श्रमिक गिरमिट समाप्त हो.जाने पर वापिस भी नहीं.लौट पाते थे क्योंकि उनके पास वापिस आने के पेसे भी नहीं होते थे।इस अवस्था में या तो वे किसी दूसरे मालिक के गुलाम हो जाते थे या मालिकों द्वारा बेच दिये जाते थे।कितने गिरमिटिये समुद्री यात्रा में ही समुद्री बीमारियों से मर जाते थे।लेकिन कोई कानून इस दमन से सुरक्षा नहीं देता था।उनकी अकाल मौतें उनके परिवारों को निरंतर गुलामी के लिये विवश कर देती थी।

विदेशी धरती पर इस शोषण और दमन से गांधी जी ने संघर्ष किया और गोपालकृष्ण गोखले से मिलकर 1912 में इंपीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।तोताराम सनाड्य जैसे गिरमिटियों की पीड़ा और संघर्ष से विचलित गांधी जी ने भारत आकर दिसंबर 1916 में भारत सुरक्षा और गिरमिटिया अधिनियम कांग्रेस के अधिवेशन में रखा।जगह जगह प्रदर्शन हुए।व्यापक विरोध को देखते हुएअंग्रेजों को झुकना पड़ा और 12 मार्च 1917 में ब्रिटिश सरकार ने गिरमिट पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। यह भारतीय बेरोजगार श्रमिकों के न्याय की पहली लड़ाई थी।

इजरायल भेजे जाने वाले इन मजदूरों की भर्ती को भी इस ऐतिहासिक पीड़ा के संदर्भ में समझा जाना चाहिए। कानूनी सुरक्षा और मानवीय सुविधाओं के अभाव में मानव बल का भेजा जाना उन्हें खतरे में डालने वाला है।बीमारी की अवस्था में चिकित्सा खर्च भी अगर उनके खाते आता है तो मजदूर अंततः गुलाम ही बनेगा। सरकार को चाहिये कि इन मजदूरों को सुरक्षा और वेतन की गारंटी इजरायल सरकार से प्राप्त करे अन्यथा यह एक तरह की कबूतर बाजी ही होगी जो सरकार की जानकारी में तो होगी लेकिन ई-माईग्रेट के सुरक्षा कवच के बिना होगी। हमें सतर्क रहना चाहिये कि हमारी बेरोजगारी की विवशता का अन्य देश बेजा लाभ न उठा सके और यह भर्ती कहीं गिरमिटिया पार्ट-2 न बन जाये।

# सनातनी परंपरा और प्राण प्रतिष्ठा

**विनीत नारायण**



तथ्य है राम मंदिर निर्माण के लिए अदालत से जो आदेश मिला उसमें द्वारिका पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पर विडंबना देखिए कि सड़क छाप लोग श्रद्धेय शंकराचार्यों से पूछ रहे हैं कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए क्या किया? ज्सनातन परम्परा का निर्वाह करते हुए अपनी आलोचना को उदारता से स्वीकार करना चाहिए।

हर राष्ट के इतिहास में कोई पल ऐसा आता है जो मील का पत्थर बन जाता है। आज पूरी दुनिया के सनातन धर्मी हिंदुओं के जीवन में वो क्षण आया है जब जन-जन के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली व राजधानी अयोध्या पूरे वैभव के साथ विश्व के मानचित्र पर सदियों बाद पुनः प्रगट हुई है। इसलिए देश और विदेश में रहने वाले हिंदुओं के मन उल्लास से भरे हैं।यह सही है कि श्रीराम जन्मभूमि पर से बाबरी मस्जिद को हटाने में सदियों से हज़ारों लोगों ने बलिदान दिया और सैंकड़ों ने इस आंदोलन में अपनी क्षमता अनुसार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पर पूरे अयोध्या नगर को जो भव्य रूप आज मिला है वो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पनाशीलता और दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है।

इसलिए नरेंद्र मोदी की आलोचना करने वालों की बात का भाजपा समर्थक हिंदू समाज पर वैसा असर नहीं पड़ रहा जैसी उनकी अपेक्षा रही होगी। इसका अर्थ यह नहीं कि जिन मुद्दों को विपक्ष के नेता उठा रहे हैं वे कम महत्वपूर्ण हैं। निःसंदेह देश के युवाओं के लिए बेरोज़गारी विकराल रूप धारण करके खड़ी हुई है। दस बरस पहले मोदी जी ने हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोज़गार देने का वायदा किया था। यानी अब तक बीस करोड़ युवाओं को रोज़गार मिल जाना चाहिए था। जबकि आज भारत में बेरोज़गारी की दर पिछले 45 वर्षों में सबसे ज़्यादा है। ऐसे ही अन्य मुद्दे भी हैं जिनको लेकर विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर है। विपक्ष का यह भी आरोप है कि मंदिर निर्माण पूरा हुए बिना ही इतना भव्य उद्घाटन करने का उद्देश्य केवल 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना है। इसलिए विपक्ष के नेता इसे राजनैतिक कार्यक्रम मान रहे हैं और इसलिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्योते पर 22 तारीख़ को अयोध्या नहीं गये। उनका कहना है कि भगवान श्री राम के दर्शन करने वे अपनी श्रद्धा अनुसार भविष्य में अवश्य जाएँगे।

विपक्ष का यह आरोप सही है कि आज का कार्यक्रम लोकसभा के चुनाव की दृष्टि से आयोजित किया गया है। पर इसमें अनहोनी बात क्या है? लोकतंत्र में हर राजनेता जो कुछ करता है वो वोटों पर नज़र रख कर ही करता है। कांग्रेस के शासन काल में भी ऐसे अनेक बड़े आयोजन हुए या फ़ैसले लिये गये जिनकी उस समय यही उपयोगिता थी कि उनसे कांग्रेस को वोट जुटाने में मदद मिले। अभी पिछले ही हफ़्ते हिंदुओं के चार धामों में से एक जगन्नाथ पुरी में जगन्नाथ जी के मंदिर के नये बने भव्य कॉरिडोर का उद्घाटन बीजू जनता दल के नेता और उड़ीसा के मुख्य मंत्री नवीन पटनायक ने किया। निःसंदेह उनका यह प्रयास दुनिया भर के सनातन धर्मियों, विशेषकर भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों को आह्लादित करने वाला है। पर परोक्ष रूप से उद्देश्य तो इसका भी उड़ीसा का चुनाव जीतना है, जो इस वर्ष के अंत में होने वाला है।

इस तरह की राजनैतिक टीका-टिप्पणियाँ तो हर दल अपने विरोधियों पर हमेशा करता ही आया है। भाजपा ने भी विपक्ष में रह कर हमेशा यही किया जो आज विपक्ष भाजपा के विरोध में कर रहा है। इसलिए इस राजनैतिक बहसबाजी में न पड़ कर आज हम अपना मंथन अयोध्या के धार्मिक पक्ष पर ही केंद्रित रखना चाहेंगे। क्योंकि आज हम सब 'राममय' भाव में आकंठ डूबे हुए हैं। अयोध्या का यह विकास भारत के सनातन धर्मियों की आस्था के साथ ही हमारी सांस्कृतिक अस्मिता से भी जुड़ा हुआ है। पर उत्साह के अतिरेक में हमें अपनी भावनाओं को ग़लत दिशा में जाने से रोकना होगा। अन्यथा हमारी बयानबाज़ी और ट्विटरबाज़ी सनातन धर्म के लिए आत्मघाती होगी। जिस तरह ह्वाट्सऐप यूनिवर्सिटी के प्रभाव में आकर अशोभनीय तरीक़े से सनातन धर्म के आधारस्तम्भ परम श्रद्धेय शंकराचार्यों पर तथ्यहीन और छिछली टिप्पणियाँ की जा रही हैं, उनके घातक परिणाम भविष्य में सामने आयेंगे।

अयोध्या मामले की इलाहाबाद उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में लगातार पैरवी करने वाले वरिष्ठ वकील डॉ पी एन मिश्रा ने एक न्यूज़ चैनल को दिये साक्षात्कार में स्पष्ट कहा है कि श्री राम जन्मभूमि के पक्ष में जो अदालत के निर्णय आए उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका द्वारिका पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी की रही। उन्हीं के द्वारा दिये गये प्रमाणों को न्यायाधीशों ने अकाट्य माना और इसलिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के नाम का उल्लेख अपने लिखित आदेश में भी किया।

डॉ मिश्रा ने इसी इंटरव्यू में बताया कि श्रद्धेय रामभद्राचार्य जी के तर्कों को अदालत ने प्रामाणिक न मानते हुए ख़ारिज कर दिया था। इसका अर्थ यह हुआ कि राम मंदिर निर्माण के लिए अदालत से जो आदेश मिला उसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पर विडंबना देखिए कि सड़क छाप लोग श्रद्धेय शंकराचार्यों से पूछ रहे हैं कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए क्या किया? दूसरी तरफ़ श्रद्धेय रामभद्राचार्य जी को इस तरह महिमा मंडित किया जा रहा है, मानो कि अदालत का फ़ैसला उन्हीं के कारण मिला हो। कोई भी पढ़ा-लिखा व्यक्ति या क़ानून का जानकार अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फ़ैसले को पढ़ कर तथ्य जान सकता है। इसलिए चाहे शंकराचार्यों की बात हो या रामभद्राचार्य जी जैसे अन्य संतों की बात हो, हमें अपने संतों प्रति ऐसी छिछली टिप्पणी करने से बचना चाहिए। यथासंभव सभी संतों का सम्मान करना चाहिए। यदि कोई असहमति का बिंदु हो तो उसे मर्यादा में रहकर ही निवेदन करना चाहिए।

निःसंदेह मोदी जी के प्रयासों से आज भारत में हिंदू नव-जागरण हुआ है। जिसका प्रमाण है तीर्थों बढ़ती श्रद्धालुओं की अपार भीड़। पर इसके साथ ही सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों का अनेक मामलों में हनन भी हो रहा है। जिससे आस्थावान सनातन धर्मी और शंकराचार्य जैसे निष्ठावान संत व्यथित हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि 'गुरु, सचिव और वैद्य शासक को प्रसन्न करने के लिए यदि झूठ बोलते हैं तो वे उसका अहित ही करते हैं।' आदरणीय शंकराचार्यों द्वारा आज की जा रही कुछ टिप्पणियों को भी इसी परिपेक्ष में देखा जाना चाहिए।

वैसे भी बिना किसी संगठन के, बिना राजनैतिक कार्यकर्ताओं की फ़ौज के और बिना मीडिया के प्रोपेगंडा के 500 वर्ष पहले भगवान श्रीराम को भारत के हर घर में पहुँचाने का काम गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस लिख कर किया था। इसलिए भी भाजपा व संघ के नेतृत्व को गोस्वामी तुलसीदास जी का सम्मान करते हुए और भारत की सनातन परम्परा का निर्वाह करते हुए अपनी आलोचना को उदारता से स्वीकार करना चाहिए और जहां उनकी कमी हो उसे सुधारने का प्रयास करना चाहिए। तभी सार्थक होगी भगवान श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा। फ़िलहाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सबको बधाई।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 46: ताड़का के वध से मारीच और सुबाहु में तिलमिलाहट

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आश्रम में कहीं तपस्वियों के मंत्रों की गूंज है तो कहीं किसी वृक्ष के नीचे उन्हें मौन साधनारत देखा जा सकता है। कुछ साधक पाकशाला के बाहर लकड़ियों के एक ढेर को व्यवस्थित कर रहे हैं। दोनों भाइयों ने कुटी के भीतर प्रवेश किया।

थोड़े विश्राम के बाद हम लोग इस आश्रम के प्रत्येक भाग का निरीक्षण करेंगे लक्ष्मण! - श्री राम ने कहा।

जी भैया! सुरक्षा की दृष्टि से हमारी रणनीति के लिए जो-जो स्थल उपयोगी होंगे, उन्हें आज ही चिह्नित कर लेना आवश्यक है।

संध्या समय दोनों भाइयों ने संपूर्ण आश्रम का निरीक्षण किया। कल से यज्ञ भूमि पर अनुष्ठान प्रारंभ होंगे। अनेक स्थलों पर इससे संबंधित तैयारी हो रही है। केले के पत्तों से यज्ञ मंडप सजाया गया है। घी, समिधा सामग्री, तोरण, बंदनवार, विभिन्न पुष्पों की माला, अक्षत, रोली, चंदन जैसी अनेक सामग्रियां यथास्थान व्यवस्थित हैं। महर्षि विश्वामित्र यज्ञ की दीक्षा में प्रविष्ट हुए और दोनों राजकुमारों ने सावधानीपूर्वक रात्रि व्यतीत की। वे अनौपचारिक रूप से इस संपूर्ण आश्रम क्षेत्र की सुरक्षा का भार अपने कंधों पर ले चुके हैं। अतः उनकी आंखों में नींद नहीं हैं।

इस आश्रम से अनेक योजन दूर जब मारीच और सुबाहु को अपनी माता ताड़का की मृत्यु का समाचार मिला, तो वे तिलमिला गए।

ऐसा कैसे संभव है? माताश्री तो अजेय हैं। अपनी समस्त मंत्र शक्तियों के साथ भी महर्षि अगस्त्य उन्हें पराजित नहीं कर सके थे।- मारीच ने कहा।

मेरी सूचना गलत नहीं है भैया! अभी थोड़ी देर पहले एक विश्वस्त गुप्तचर ने यह समाचार दिया है। -सुबाहु ने बताया।

ऐसा दुःसाहस किसने किया है भाई?- मारीच ने क्रोध और शोक के मिले-जुले भावों में पूछा।

वे दोनों किशोरवय के राजकुमार हैं और अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र बताए जाते हैं। उन्हें विश्वामित्र अपने साथ लेकर आए हैं। वे तीनों माता के निवास क्षेत्र से गुजर रहे थे और उन्होंने वहीं पर माता ताड़का पर प्राणघातक आक्रमण कर दिया। - सुबाहु ने बताया।

दो किशोरों ने ऐसा किया, विश्वास नहीं होता है। क्या वे दोनों मायावी हैं? - मारीच ने पूछा।

यह तो मैं नहीं जानता भैया लेकिन संभव है विश्वामित्र ने उन्हें अपनी मंत्र शक्ति और शस्त्र नियंत्रक शक्ति प्रदान कर दी हो। - सुबाहु ने अनुमान लगाया।

वे चाहे जो हों और जिस भी शक्ति से संपन्न हों, लेकिन यह मारीच उन्हें ढूंढ कर मार डालेगा। अभी कहां होंगे वे दोनों? - क्रोध से फुफकारते हुए मारीच ने कहा।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है।श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)



## कविता

### हमारा सनातन

भारत की पहचान रही है,
माँ का कर्तव्य निभाने का।
फिर चाहे विध्वंसक हो,
उसको भी गले लगाने का।
यहीं से यह संदेश दिया है,
विश्व बंधुत्व निभाने का।
देवालय में प्रार्थना करते है,
विश्व के कल्याण होने का।
धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो,
प्राणियों में सद्भावना हो,
विश्व का कल्याण हो।



– गजेन्द्र बख्शी
32, रिद्धि-सिद्धि कालोनी,
फेस 3 राजनांदगांव ( छ.ग. )

## शब्द सामर्थ्य -312

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 311 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | जा | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सु- दोकू क्र.312

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.311 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# जो जमीनी हालात हैं


मीडिया हेडलाइन्स से भारत की खुशनुमा तस्वीर उकेरने की कोशिश अक्सर होती रहती है। लेकिन जो जमीनी हालात हैं, वे इससे नहीं बदल सकते। विडंबना है कि इन हालात को बदलने की कोशिश के बजाय विकसित भारत का खोखला सपना दिखाया जा रहा है। अभी हाल में 2023-24 के अनुमानित सरकारी आर्थिक आंकड़े जारी हुए, तो उनसे पता चला कि इस वित्त वर्ष में (दो अपवाद वर्षों को छोड़ कर) भारत की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि 21 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। इस वर्ष यह वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत रही। बीते 21 वर्षों में सिर्फ 2019-20 और 2020-21 में ये दर इससे कम रही थी, जब सारी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में थी। एक अंग्रेजी वेबसाइट ने अपने विश्लेषण से बताया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है। अप्रैल से सितंबर तक देश में सिर्फ 10.1 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। इसके पहले (इस अवधि में) इतनी कम एफडीआई 2007-08 में आई थी। देश में औसत आम उपभोग का कमजोर बने रहना अब एक स्थायी हेडलाइन है। ताजा खबर यह है कि अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में एफएमसीजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड का मुनाफा अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं बढ़ सका।

कंपनी ने इसका कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मांग की कमजोर स्थिति को बताया है। ये सारी खबरें अलग-थलग नहीं हैं। बल्कि उस गंभीर आम माली हालत का सूचक हैं, जो लगातार गंभीर हो रही है। दरअसल, जिस देश में कामकाजी उम्र वर्ग की लगभग 50 फीसदी आबादी सवा लाख रुपये से कम वार्षिक आय पर गुजारा करती हो, वहां महंगाई एवं सामाजिक सुरक्षाओं में कटौती का परिणाम इसी रूप में सामने आ सकता है। इस स्थिति का निहितार्थ यह है कि भारत के एक सशक्त बाजार के रूप में उभर सकने की संभावनाएं सीमित बनी हुई हैं। यह अवश्य है कि लगभग छह-सात करोड़ लोगों का एक उपभोक्ता वर्ग हमारे देश में मौजूद है और जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक-राजनीति सूरत के बीच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसलिए मीडिया हेडलाइन्स से भारत की खुशनुमा तस्वीर उकेरने की कोशिश अक्सर होती रहती है। लेकिन जो जमीनी हालात हैं, वे ऐसे प्रयासों से नहीं बदल सकते। विडंबना यह है कि इन हालात को बदलने की कोशिश के बजाय विकसित भारत का खोखला सपना दिखाया जा रहा है।


## राशिफल




**मेष**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। छात्रों को आज किसी प्रैक्टिकल में सहपाठी की मदद मिलेगी, कार्य में आसानी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों का पद बढेगा, लोग आपका सपोर्ट करेंगे । आज आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा।




**वृषभ**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।




**मिथुन**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जायेंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को सफलता मिलती रहेगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक ख़त्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा। वाहन खरीदने का विचार भाई से करेंगे।



**कर्क**
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा के लिये प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। स्वास्थ सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा।




**सिंह**
आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशिया लेकर आया है। आज आपको शुभ सन्देश मिल सकता है। परिवार में ख़ुशी का माहौल रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।



**कन्या**
आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे।



**तुला**
आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज किसी बात को सोचकर आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे।




**वृश्चिक**
आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे। जिससे आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा।




**धनु**
आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपका वेतन भी बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।



**कुंभ**
आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे।



**मीन**
आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा।

# सर्वधर्म की नगरी मां बम्लेश्वरी धाम के सर्वांगीण विकास की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ के सर्वांगीण विकास की चिंता करते हुए डोंगरगढ़ भाजपा के युवा नेता वीरेंद्र सोनी (मारुति) द्वारा भाजपा अध्यक्ष व शासन स्तर पर पत्र व्यवहार किया गया है। पत्र में कहा गया है कि, महाराष्ट्र राज्य की सीमा से 17 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिले में स्थित डोंगरगढ़ जो कि इस जिले का एक तहसील होने के साथ साथ एक बहुत ही सुन्दर पर्यटन एवं दर्शनीय स्थल हैं। जहां विश्व प्रसिद्ध 'मां बम्लेश्वरी देवी' का राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर 1600 फीट की ऊंचाई पर स्थित समस्त सनातन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केन्द्र है। जहां वर्ष में दो बार चैत्र नवरात्र (हिन्दू नववर्ष) आश्विन मास की नवरात्रि का मेला लगता है। जहां देश के लगभग सभी राज्यों से माता के भक्तों का तांता लगा रहता है। केवल इन दोनों नवरात्रों के समय पर ही रेल्वे को दर्शनार्थियों द्वारा करोड़ों रुपए की राजस्व प्राप्ति होती है।

### विभिन्न धार्मिक आस्था के केंद्र विद्यमान

विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी धाम के अलावा डोंगरगढ़ क्षेत्र में अन्य धर्मों के भी तीर्थ स्थल हैं जिनमें से 'चंद्रगिरी जैन तीर्थ' 'प्रज्ञागिरी बौद्ध तीर्थ' जहां भगवान गौतम बुद्ध की 60 फीट ऊंची ध्यान मुद्रा में विराजमान प्रतिमा है, जिसके दर्शन करने देश विदेश से बौद्ध अनुयाई यहां वर्ष भर आते रहते हैं तथा विशेष रूप से हर साल दिनांक 6 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन आयोजित किया जाता है। जिसमें नेपाल, भुटान, म्यानमार, थाईलैंड, जैसे देशों से भी भारी संख्या में इस उत्सव में दर्शनार्थीगण आते हैं इसके अतिरिक्त ईसाई धर्म से संबंधित 'कलवारी पहाड़' भी ईसाई धर्म के लोगों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है और भारत में तीसरा सबसे बड़ा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भी इसी डोंगरगढ़ में हर्षोल्लास के साथ बड़े ही प्रेम भाव के साथ मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े प्रमुख गुरुद्वारा में से प्रसिद्ध 'गुरुद्वारा श्री सिंह सभा' भी इस शहर में स्थित है।

### समुचित विकास को तरसता डोंगरगढ़ धाम

प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर इस सुंदर से नगर को छत्तीसगढ़ राज्य की धर्मनगरी भी कहा जाता है। किन्तु इतनी सभी विशेषताएं होते हुए भी हर प्रकार की सुविधाओं से डोंगरगढ़ की उपेक्षा ही की जाती है। विशेष रूप से रेल सुविधा का अभाव है। इस शहर के आम जनमानस को दूर की यात्रा करने के लिए 30 किलोमीटर दूर स्थित राजनांदगांव अथवा 75 किलोमीटर दूर स्थित महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिले के रेल्वे स्टेशन का सहारा लेना पड़ता है। जिसके कारण आम जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलमार्ग निर्माण को प्राथमिकता दे शासन

डोंगरगढ़ से कवर्धा होते हुए कटघोरा तक बनने वाली रेल लाइन का निर्माण कार्य विगत 5 वर्षों से रुका हुआ है। निर्माण पूर्ण होने से डोंगरगढ़ से लेकर कवर्धा तक का चौमुखी विकास हो सकता है। इस हेतु उक्त रेल लाइन के निर्माण को शासन प्राथमिकता से पूर्ण करें। दिनांक-6 अक्टूबर 2018 के दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लागू होने से पहले तत्कालीन रेल मंत्री पियूष गोयल द्वारा डोंगरगढ़ से कवर्धा होते हुए कटघोरा तक 295 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का शिलान्यास किया गया था। और छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर, दुर्ग तथा कोरबा रेल्वे स्टेशन के बाद चौथा सबसे बड़ा 'कोच केयर एवं वाशिंग डिपो' तथा नयी पिटलाईन बनाने की भी मंजूरी दी गई थी। लेकिन राज्य में सत्ता परिवर्तन के कारण इस कार्य को पूरा होने में 5 वर्ष का लंबा विराम लग गया। इसे पुनः प्रारंभ किया जाना चाहिए।





**भाजपा नेता द्वारा भाजपा अध्यक्ष व शासन स्तर पर किया गया पत्र व्यवहार**

### मां बमलेश्वरी के नाम से ट्रेन का संचालन हो

श्री सोनी द्वारा पत्र में मांग की गई है कि, हमारे डोंगरगढ़ वासियों द्वारा एक विशेष विनती है कि जिस तरह राज्यों, विशेष धार्मिक स्थल एवं देश के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से रेल गाड़ियां चलाई जा रही है। जैसे 12625/12626 तिरुवनंतपुरम नयी दिल्ली केरला एक्सप्रेस, 12409/12410 रायगढ़ हज़रत निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस, 12129/12130 पूणे हावड़ा आजाद हिन्द सूपर फास्ट एक्सप्रेस चलती है, ठीक उसी प्रकार डोंगरगढ़ की देवी के नाम से 'श्री बम्लेश्वरी एक्सप्रेस' के नाम पर डोंगरगढ़ से पूणे के रास्ते महाराष्ट्र राज्य के कोल्हापुर तक एक नयी रेलगाड़ी की शुरुआत की जाए, जिससे डोंगरगढ़ का नाम जनता के मुख पर आए।

### अनेक गाड़ियों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ दिया जाए

दुर्ग स्टेशन से बनकर चलने वाली कुछ रेल गाड़ियों को डोंगरगढ़ तक विस्तारित किया जाना चाहिए। जिससे आम यात्रियों एवं दर्शनार्थियों को सुविधा उपलब्ध होगी। क्योंकि दुर्ग स्टेशन से डोंगरगढ़ की दूरी मात्र 62 किलोमीटर है। जिसे केवल एक घंटे के भीतर तय किया जा सकता है। इसका कारण यह है कि दुर्ग स्टेशन पर अपनी यात्रा समाप्त करने वाली कुछ रेलगाड़ियां 10 से 12 घंटे तक खड़ी रहती है। इसलिए यदि इन रेल गाड़ियों को डोंगरगढ़ तक विस्तारित किया जाता है तो यात्रियों को सुविधा एवं भारतीय रेल को राजस्व की प्राप्ति होगी।

इसके अतिरिक्त समय की मांग और जनता के हित को ध्यान में रखते हुए दुर्ग स्टेशन से बनकर चलने वाली कुछ रेल गाड़ियों को डोंगरगढ़ तक विस्तारित किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिनमें 20847/20848 दुर्ग उधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 18241/18242 दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस, 12823/12824 दुर्ग हज़रत निज़ामुद्दीन छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को विशेष रूप से डोंगरगढ़ तक विस्तारित किया जाना चाहिए, जिससे जो भी आम लोग जो काम करने के लिए दिल्ली जाते हैं किन्तु राजधानी जैसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का टिकट नही ले सकते है उन लोगों के लिए संपर्कक्रांति एक्सप्रेस एक बहुत ही बढ़िया विकल्प है क्योंकि यह रेलगाड़ी में सामान्य श्रेणी के कोच भी उपलब्ध है। 18201/18202 दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस (वाराणसी मार्ग से) तथा 12771/12772 सिकंदराबाद रायपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ में ठहराव देना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि तेलंगाना राज्य के सिकंदराबाद एवं हैदराबाद में काम करने से लेकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए जाने वाले यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है और महाराष्ट्र के बल्लारशाह से गोंदिया तक दैनिक चलने वाली दो पैसेंजर ट्रेन तथा मध्यप्रदेश के नैनपुर से गोंदिया तक दैनिक चलने वाली लोकल ट्रेन को डोंगरगढ़ तक विस्तारित किया जाए तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे द्वारा रियायती दर पर टिकट पुनः लागू किया जाए।

## पहला कॉलम...

### रासेयो के स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ इकाई के स्वयंसेवक आज विद्यालय परिसर और पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सुबह-सुबह स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। जिसने सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी वीर सिंह यादव और सौरभ फूले ने किया।

### ग्राम गिधवा के ग्रामवासियों ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा



हरदी (दावा)। ग्राम पंचायत गिधवा(जेवरतला) में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम गिधवा के ग्रामवासियों द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्री रामलला को बाजे गाजे व 200 से अधिक कलश के साथ गली भ्रमण कराकर प्रसाद वितरण किया गया एवं रात्रि में मां के ममता रामायण मानस परिवार चिल्हाटी (कांकेर) की रामायण का आयोजन रखा गया था। यह जानकारी ग्राम के उपसरपंच मंगलूराम देवदास ने दी।

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे शहीद ग्राम बादराटोला



खुज्जी(दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ग्राम बादराटोला में शहीद रामाधीन शहादत दिवस पर पहुंचकर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ग्रामीणों ने विधायक भोलाराम साहू का जोरदार स्वागत सम्मान किया और रामाधीन यात्री प्रतिक्षालय की मांग की रखी और खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू सरल स्वभाव के धनी नेता ने तुरंत गांव वालों के मांग पर घोषणा किया और तत्काल बनाने की बात कही। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के सयुक्त महामंत्री गिरधारी साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिन्हा, राम साहू जिला संयुक्त महामंत्री, सरपंच, कांग्रेस नेता कामता प्रसाद साहू, महेश साहू ग्राम बादराटोला के युवा साथी लोग गांव के प्रमुखजन व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### महावीर तालाब को आकर्षक रूप से सजाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। शहर के हृदय स्थल पर स्थित ऐतिहासिक महावीर तालाब को श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आकर्षक रूप से सजाया गया है। धार्मिक आस्था के लिए बहुउपयोगी ऐतिहासिक महावीर तालाब को केंद्र में रखकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के नाम से मनाए जाने वाले तीन दिवसीय पर्व का आयोजन, श्री हनुमान भक्त समिति द्वारा शहर में भव्य रूप से किया गया। इस दौरान सभी धर्म को मानने वालों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## कांग्रेसियों ने रामलला के आगमन की खुशी पर 111 घी के दीपक जलाकर खुशियां मनाई



**हलवा - पूड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण**

डोंगरगढ़ (दावा)। राम लला के मंदिर प्रवेश की खुशी को डोंगरगढ़ शहर ने भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डोंगरगढ़ कांग्रेस की विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के आव्हान पर समस्त कांग्रेसियों ने राम लला के आगमन पर जमकर खुशियां मनाई।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, सब्जी मंडी गोल बाजार स्थित शिव मंदिर में 21 जनवरी की संध्या में विधायक श्रीमती बघेल, कांग्रेस नेता नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के द्वारा 111 घी के दीपक जलाकर भव्य आतिशबाजी के साथ पूजन प्रारंभ किया गया।

### हलवा पूड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण

राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर कांग्रेस जनों द्वारा हलवा-पूड़ी का भोग लगा कर आजाद चौक गोलबाजार में आमजन के मध्य प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में एकता की मिसाल देखने को मिली हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी रामलला के स्वागत में आंखे बिछाए दिखे, उक्त कार्यक्रम में धीरज मेश्राम, संजीव गोमस्ता, प्रमोद सिंह, रामजी तराने, रूपचंद खोब्रागड़े, दुलीचंद बडोले, दिलीप नशीने, पारस चौरड़िया, वीरेंद्र पाल, शेखर सोनी, रवि बाघमारे, इंदरपाल सिंग राजा, किरण मेश्राम, मतीन खान, संजीव गुप्ता, प्रकाश महानदी, संजू बक्सरे, नरेश करसे, सुनील नागदौने, आशा राम सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, कोमल साहू, सालिक राम, संगीता मंडावी, सुषमा कतलाम, विजयराज सिंह समस्त कांग्रेसीजन एवं शहर के जन मानस गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 40वीं वाहिनी, भातिसीपु बल द्वारा सफाई अभियान मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में चलाया गया




डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 21 जनवरी को अनन्त नारायण दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु. बल के कुशल मार्गदर्शन एवं राजेन्द्र सिंह अधिकारी, उप सेनानी के नेतृत्व में सामरिक मुख्यालय, 40वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल डोंगरगढ़ द्वारा स्वच्छता ही सेवा थीम के तहत सफाई अभियान का आयोजन माता बम्लेश्वरी मंदिर के प्रांगण में किया गया। जिसमें 40वीं वाहिनी के कुल 60 पदाधिकारियों के साथ-साथ डोंगरगढ़ नगर पंचायत के स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी के सभी पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर के प्रांगण में साफ-सफाई की तथा लोगों को अपने गाँव व वातावरण को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर 40वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमाडेंट ए.एन.दत्ता ने बताया कि स्वच्छता समाज के लिये स्वच्छता बहुत जरूरी है। यह केवल अभियान के समय ही नहीं, बल्कि हमें इसे निरंतर अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से लागू करने की आवश्यकता है। ए.एन.दत्ता, कमाडेंट, 40वीं वाहिनी द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं मंदिर के प्रांगण में उपस्थित स्थानीय लोगों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को नियमित रूप से शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही उन्होनें सभी स्थानीय लोगों से अपने गांव व वातावरण को सुंदर एवं स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम में पर आईटीबीपी के पदाधिकारी अमित पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सक, रोहित तिवारी, चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य मौजूद रहे।

## मासुलकसा में उमड़ा आस्था का हुजूम, दो सौ साल पुराने राममंदिर में लगा भक्तों का ताता

**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम मासूलकसा में आज 22 जनवरी को आस्था का हुजूम ही उमड़ पड़ा ग्राम मासूलकसा में 200 साल पुरानी राम मंदिर में प्रभु राम के दर्शन एवं पूजन के लिए ग्रामीणों का आज सुबह से ही तांता लगा रहा। इस अवसर पर पर ग्रामीणों द्वारा सुबह आठ बजे से कलश यात्रा का आयोजन रखा गया था जिसका समापन राम मंदिर में ग्राम की परिक्रमा के पश्चात् समाप्त हुआ। इस अवसर पर ग्राम के बड़े, बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक शामिल हुए। प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मासूलकसा में अब से 224 वर्षों पूर्व ग्वालीन बाई कलारीन द्वारा भगवान श्रीराम की मंदिर की स्थापना इसलिए करवायी गयी थी कि प्रभु राम धरती के सर्वेसर्वा है और इनकी मंदिर से ग्रामीणों को कोई तकलीफ नही होगी, अपितु ग्राम मासूलकसा सतत् प्रगति पथ पर अग्रसर रहेगा। उन्होंने न सिर्फ मंदिर की स्थापना ही की अपितु इसके लिए पुजारी की भी नियुक्ति की। मृत्यु से पूर्व ग्वालीन बाई कलारीन ने अपने नाम स्थित बारह एकड़ जमीन को मंदिर के नाम पर दान कर दिया एवं इसकी देखभाल की समस्त जिम्मेदारी पुजारी पर छोड़ दी ताकि पुजारी कृषि भूमि से अपना जीवोकोपार्जन कर भगवान की पूजा नियमित रूप से कर सकें।

### ग्रामीणों ने लिया संज्ञान

ग्राम मासूलकसा के ग्रामीणों की रक्षा एवं प्रगति के लिए ग्वालीन बाई द्वारा स्थापित मंदिर को ग्रामीण सार्वजनिक मानकर इसके जीर्णोद्वार की तैयारी शुरू कर दी है इसके लिए वर्तमान पुजारी को मंदिर तक ग्रामीणों को पहुंचने के लिए जगह देने की मांग ग्रामीणों ने बैठक आहुत कर रखी है। बहरहाल ग्राम मासूलकसा में पूरा ग्राम 22 जनवरी की सुबह से पूरे रात्रि तक धर्ममय रहा सुबह से कलश यात्रा के साथ ही ग्राम में रामायण पाठ का अयोजन भी रखा गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम के पूर्व सरपंच पंचुराम पटौति, सरपंच उदासा बाई रावटे, सुखराम रावटे, रामप्रसाद, जिवराखन, बहुरसिंह, राममिलन, पंचराम जांगड़े, खिलावन रावटे, चतुर सिंह धरेन्द्र, भेजराम पुजेरी, रहीमन रावटे, दिनेश रावटे, धनेश पटौति, रूमनलाल, मगऊराम सहारे, गोवर्धन गवर्ना, प्यारेलाल रावटे, रूमन लाटिया, तीजूराम कोसमा, फगनूराम कश्यम, हेमंत नायक, लखनलाल, विमल प्रसाद, कंवलसिंह, कलेन्द्री बाई, तमेश्वरी गजेन्द्र, रोहिणी बाई, आशा शर्मा, सोनू प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### नवस्थापित आईटीबीपी कैम्प 'कटेमा' द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 22 जनवरी को अनन्त नारायण दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी आईटीबीपी के कुशल मार्गदर्शन एवं राजेन्द्र सिंह अधिकारी, उप सेनानी व रोहित तिवारी, चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में नवस्थापित आईटीबीपी कैम्प कटेमा द्वारा स्थानीय गांव कटेमा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कटेमा गांव के कुल 35 लोगों का उपचार किया गया साथ ही 60 मच्छरदानी का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी द्वारा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

## गोड़लवाही में ग्रामीणों की भव्य कलश यात्रा



**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। ग्राम गोड़लवाही में भगवान राम की आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया जिसमें ग्राम की माताओं और बहनों को सर में कलश धारण कर और सामने भगवान राम की प्रतिमा रख पूरे ग्राम का भ्रमण करवाया गया। पूर्व जनपद सदस्य गोपाल भुवार्य, पूर्व सरपंच गोपाल बघेल, सरपंच नरगोतिन बाई भुवार्य, ग्राम पटेल मनोज कुमार के नेतृत्व में निकाली गयी यात्रा में पूरा ग्राम ही उमड़ पड़ा था। गोपाल भुवार्य ने प्रतिनिधि को बताया कि ग्राम गोड़लवाही प्रारंभ से ही धार्मिक आस्था के प्रति समर्पित ग्राम रहा है। धर्म के प्रति इस ग्राम की पहचान ग्राम में ही रहने वाले व्यवसायी चंद्रकिशोर गुप्ता ने जब पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम बार जमीन में लोटते-लोटते माँ बम्लेश्वरी प्रांगण डोंगरगढ़ के लिए पहुचे थे। ग्रामीणों ने पूरी आस्था से भगवान राम की पूजा अर्चना की एवं रात्रि में रामायण कथा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चमरन भुवार्य, रेवाराम बढ़ई, मोहन बघेल, सुन्दर जामड़ा, बसंत बघेल, रमला बाई बनवासा, तुलसा बाई आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## आराधना महिला मंडल ने गरीब दिव्यांग जनों को उपलब्ध कराए जयपुर पैर




राजनांदगांव(दावा)। शहर की सेवाभावी महिलाओं की संस्था आराधना महिला मंडल द्वारा जिले के ग्राम भानपुरी व सोमनी आदि सहित अलग-अलग जगहों के दिव्यागों को निःशुल्क जयपुर पैर उपलब्ध कराया गया। दिव्यांगजनों को जयपुर पैर मिलने से उन्हें चलने-फिरने में आसानी हो गई है। आराधना महिला मंडल की अलका जानी ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि विनय मित्र मंडल रायपुर के तत्वावधान में आराधना महिला मंडल द्वारा लगभग 17 से 22 लोगों को जयपुर पैर वितरण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से हाथ-पैर खो चुके सोमनी के सत्यनारायण साहू (25 वर्ष) व भानपुरी के 62 वर्षीय निर्मलकर का नाम शामिल है इसके अलावा ग्राम सांकरा के भी दिव्यांग जन को जयपुर पैर उपलब्ध कराया गया। रायपुर में आयोजित किए गए उक्त कार्यक्रम के दौरान विनय मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद, दीपचन्द कोटड़िया, राजेश कानूगो व जयपुर पैर निर्माण के कारीगर अब्दुल वहीद आदि उपस्थित थे वहीं आराधना महिला मंडल की अध्यक्ष उमा रूंगटा, कोषाध्यक्ष अलका जानी, सचिव प्रभा चौरसिया, रेखा लाल, लता अग्रवाल, छाया खंडेलवाल, शरदा खंडेलवाल, भगवती खंडेलवाल, राधा तिवारी, पुष्पा अग्रवाल, आदि उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अलका जानी ने किया। आराधना महिला मंडल के द्वारा दिव्यांग जनों को निःशुल्क जयपुर पैर मिलने से उनमें खुशी देखी गई।

## भाजपा ने स्वच्छ तीर्थ योजना तहत शहर के मंदिर गुरुद्वारा चर्च और मस्जिद परिसर में सफाई अभियान चलाया



**शहर में गजब का उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुरे देश में उत्साह का माहौल है। उसी तरह संस्कारधानी राजनांदगांव में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

सभी धर्म संप्रदाय के लोग एकजुट होकर स्वच्छता अभियान में सहभागी बन रहे है। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देशानुसार जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान एवं सहयोगी रघुवीर सिंह वाधवा के नेतृत्व में रविवार को शहर के मानव मंदिर चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, गुरुद्वारा, जामा मस्जिद और रेलवे स्टेशन रोड स्थित चर्च परिसर की साफ सफाई की गई। इस दौरान शिव वर्मा ने 22 जनवरी को इतिहास का स्वर्णिम दिन बताते हुए कहा कि भाजपा द्वारा 14 जनवरी से लगातार शहर के सभी मंदिरों की साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा। जिसमें हर वर्ग के लोगों की सहभागिता है।

अभियान में जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान, रघुवीर सिंह वाधवा, संतोष निर्मलकर, रमेश सोनवानी, प्रिंस भाटिया, पार्षद सतीश मसीह, राजेश यादव, अरुण दामले, हेमन्त शेखर यादव, मसीह समाज के अध्यक्ष डॉ. सोमन लाल, सुनील लाल, आशीष प्रजापति एवं हरीश टांक सहित स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। उक्त जानकारी संतोष निर्मलकर ने दी।

## पहला कॉलम...

### रूस के कब्जे वाले यूक्रेन में सेना ने की भीषण गोलीबारी, 25 लोगों की मौत

कीव । रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क शहर के बाहरी इलाके में स्थित बाजार में भारी गोलीबारी में 25 लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा बनाए गए शहर के मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने कहा कि उपनगर टेकस्टिलशचिक पर हमले में दो बच्चों समेत 20 अन्य लोग घायल हो गए। मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना की ओर से यह गोले दागे गए। हालांकि, मामले में कीव ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

इधर, रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर रासायनिक परिवहन टर्मिनल में दो विस्फोटों के बाद आग लग गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बंदरगाह पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया था। इसके बाद गैस टैंक में विस्फोट हो गया। आग रूस में प्राकृतिक गैस के दूसरे सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी नोवाटेक की साइट पर लगी। रूसी अधिकारी ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन जिले को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

रूस की सेना ने यूक्रेन के खार्कीव क्षेत्र के एक गांव क्रोखमल्ने पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी और यूक्रेन सेना के प्रवक्ता ने भी इसकी पुष्टि की। इससे पहले गुरुवार को रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेटस्क में वेसले नामक बस्ती पर कब्जा करने की जानकारी दी थी।

### दर्दनाक हादसा: पहाड़ का हिस्सा टूटने से भूस्खलन, 44 लोग दबे; कई घर तबाह

बीजिंग। दक्षिण पश्चिम चीन में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पहाड़ों में हुए भूस्खलन में कथित तौर पर 44 लोग दब गए हैं। युन्नान में सोमवार तड़के भूस्खलन हुआ है।

भूस्खलन की सूचना मिलते ही प्रशासन ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। मलबे में 44 से अधिक लोग दबे हुए हैं, फिलहाल किसी को भी बाहर नहीं निकाला जा सकता है। लापता लोगों की तलाश और बचाव कार्य जारी है। वहीं, भूस्खलन आने से कई घर भी तबाह हो गए हैं।

### अफगानिस्तान में क्रैश होने वाला विमान भारतीय नहीं, भारतीय नागर विमान मंत्रालय ने की पुष्टि

काबुल । भारतीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) ने कहा कि अफगानिस्तान में हुई दुर्भाग्यपूर्ण विमान दुर्घटना हुई जिसमें भारतीय विमान या गैर अनुसूचित (एनएसओपी)/चार्टर विमान शामिल नहीं है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह मोरक्को में पंजीकृत छोटा विमान है। अधिकारी घटना पर नजर रख रहे हैं। दरअसल पहले खबर सामने आई थी कि अफगानिस्तान में एक भारतीय विमान क्रैश हो गया है। ताजा अपडेट के मुताबिक, ये भारतीय विमान नहीं था। बदख्शां के सूचना और संस्कृति विभाग के प्रमुख जबीहुल्लाह अमीरी ने कहा है कि एक भारतीय यात्री विमान बदख्शां प्रांत के कुरान-मुंजन और ज़िबक जिलों के साथ लगने वाले तोपखाना के पहाड़ों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जबीहुल्लाह अमीरी ने बताया कि मौके पर जांच टीम भेजी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विमान रविवार को सुबह क्रैश हुआ।

हालांकि बाद में सीनियर अधिकारी ने बताया कि वो विमान भारतीय नहीं बल्कि मोरक्कन पंजीकृत डीएफ 10 विमान था। भारतीय नागर विमान मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, 'अफगानिस्तान में अभी जो विमान दुर्घटना हुई है, वह भारतीय विमान नहीं है और न ही वह नॉन शेड्यूल्ड (एनएसओपी)/चार्टर विमान है। ये एक मोरक्कन पंजीकृत छोटा विमान है।

### न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से न्यूजर्सी के मंदिर तक, अमेरिका में ऐसे मन रहा राम मंदिर का जश्न

वॉशिंगटन। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। 22 जनवरी यानी आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर मंदिर का उद्घाटन हुआ और प्राण प्रतिष्ठा की गई। पर अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने तक की यात्रा कतई आसान नहीं थी। रामजन्मभूमि पर मस्जिद के निर्माण से लेकर वापस रामलला के भव्य मंदिर बनने तक लगभग पांच सदियां लग गई। चुनौतियों और लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार भक्तों को उनका राम मंदिर मिल गया है। प्रभु श्रीराम बाल रूप में अयोध्या में विराजमान हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया। इसी को लेकर देश ही नहीं बल्कि दुनिया के हर कोने में उत्साह और जश्न मनाया जा रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अमेरिका के हिंदुओं में भी उत्साह है। टाइम्स स्क्वायर से लेकर यहां के मंदिरों तक राम की भक्ति में लोग सराबोर दिखे।

# श्रीलंका, न्यूजीलैंड ने जीत के साथ खाता खोला

जोहान्सबर्ग। श्रीलंका ने खराब शुरुआत के बाद जीत के लिए संघर्ष किया, जबकि न्यूजीलैंड रविवार को दक्षिण अफ्रीका के विभिन्न स्थानों पर अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 की कार्रवाई के तीसरे दिन नेपाल के खिलाफ आसानी से विजेता बन गया।

किम्बर्ली ओवल में श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को 39 रन (डीएलएस विधि) से हराया।

जिम्बाब्वे की पारी की शुरुआत में तूफानी गेंदबाजी के बाद श्रीलंका मुश्किल में पड़ गया, लेकिन दिनुरा कालूपहाना के अर्धशतक ने उन्हें 200 के पार पहुंचाने में मदद की। अनुशासित और सटीक गेंदबाजी प्रदर्शन ने उन्हें जिम्बाब्वे पर जीत दिलाने में मदद की।

पूर्वी लंदन में स्नेहिथ रेड्डी के ठोस शतक के दम पर न्यूजीलैंड यू19 पुरुष



सीडब्ल्यूसी 2024 में 300 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। प्रतिभा की चिंगारी के बावजूद नेपाल का बल्लेबाजी प्रयास ब्लैक कैप्स से मेल नहीं खा सका। वे अंततः बफ़ेलो पार्क में पर्याप्त अंतर से हार गए।

जिम्बाब्वे के कप्तान मैथ्यू शॉनकेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और शुरुआती तेज गेंदबाज कोहल एक्स्टीन और अनेसु कामुरिवो ने अपने शुरुआती स्पैल में आक्रामक प्रदर्शन करते हुए पहले पांच ओवरों में श्रीलंका के तीन विकेट ले लिए। श्रीलंका के कप्तान सिनेथ जयवर्धने की महत्वपूर्ण भूमिका थी, जिन्होंने प्रभावशाली एक्स्टीन की सीमिंग डिलीवरी को बढ़त दी।

इसके बाद रवीशन डी सिल्वा और रुसांडा गमागे ने कठिन विकेट पर पारी को फिर से बनाने की तैयारी की, जिसमें शेवरॉन ने कड़ी गेंदबाजी और तेज क्षेत्ररक्षण के साथ कार्यवाही पर नियंत्रण स्थापित किया।

आखिरकार इस जोड़ी पर दबाव आ गया और 52 रन की साझेदारी आखिरकार 26वें ओवर में टूट गई जब पनाशे तारुविंगा ने गमागे का मिडिल स्टंप उखाड़ दिया। रविनशान जल्द ही आउट हो गए और श्रीलंका एक बार फिर बैकफुट पर आ गया। इसके बाद दिनुरा कलपुहाना और शारुजन शनमुगनाथन ने कुछ आक्रामक क्रिकेट से गति बढ़ा दी। कलपुहाना (55 में से 60) ने दो छक्कों सहित आठ चौके लगाए, जिससे श्रीलंका को वापसी करने में मदद मिली, इससे पहले कि वह डीप में कैच की पेशकश करने वाले शॉनकेन के पास गिर गए। शनमुगनाथन के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, श्रीलंका की ओर से आखिरी धक्का रुका और टीम 204 रन पर आउट हो गई।

युवा शेवरॉन को अपनी बल्लेबाजी पारी की शुरुआत में उन्हीं कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि श्रीलंका के स्पिनर जल्दी ही एक्शन में आ गए थे। विश्व लाहिरू चुस्त और प्रभावी थे, उन्होंने अपने चार ओवरों में केवल तीन रन दिए, साथ ही शुरुआती सफलता भी दिलाई। प्रतिभाशाली मालशा थारुपथी ने जल्द ही अपने स्पिन पार्टनर का समर्थन किया, नाथनियल हलबंगाना को 10 रन पर आउट कर दिया। थारुपथी ने इसके बाद कालुपुहाना की गेंद पर पनाशे थारुविंगा को आउट करने के लिए एक शानदार कैच भी लपका और एक महत्वपूर्ण तीसरा विकेट लिया क्योंकि बारिश के कारण खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलेंगे उस्मान ख्वाजा

ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में 25 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलने की मंजूरी दे दी गई है।एडिलेड में श्रृंखला के शुरुआती मैच में चोट लगने के बाद उन्होंने सभी प्रोटोकॉल को पूरा कर लिया है।

एडिलेड ओवल में जहां ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराया। उस्मान ख्वाजा को डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज शमर जोसेफ की एक शॉर्ट गेंद हेलमेट पर लगी और उन्हें जीत के लिए आवश्यक एक रन के साथ रिटायर हर्ट होना पड़ा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक बयान



में कहा गया, उस्मान ख्वाजा को ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलने के लिए मंजूरी दे दी गई है।

ब्रिस्बेन में डे-नाइट टेस्ट के लिए ख्वाजा की उपलब्धता को मंजूरी मिलने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग-11 में बिना किसी बदलाव के साथ मैदान में उतर सकती है।

अगर हीट बुधवार को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ होने वाले बीबीएल फाइनल में पहुंचती है, तो रेनशॉ खिताबी मुकाबले में शामिल हो सकते हैं, जो ब्रिस्बेन टेस्ट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले शुरू होगा। ब्रिस्बेन में जीत से ऑस्ट्रेलिया का अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर में जीत का रिकॉर्ड 5-0 हो जाएगा, इससे पहले उसने पाकिस्तान को 3-0 से हराया था।

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी

मेलबर्न। भारतीय अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक की 14वीं वरीयता प्राप्त डच-क्रोएशियाई जोड़ी को 7-6 (10-8), 7-6 (7-4) से हराकर अंतिम आठ चरण में प्रवेश किया।



क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद बोपन्ना ने पुरुष युगल में विश्व नंबर 2 रैंकिंग सुनिश्चित की और क्वार्टर में जीत उन्हें रैंकिंग शिखर पर ले जाएगी।बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी अब छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से भिड़ने को तैयार है।

# बजट 2024: अंतरिम बजट में होगा 5.3 प्रतिशत घाटे का लक्ष्य!

नईदिल्ली। अर्थशास्त्रियों और अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के कई अनुमानों के विश्लेषण से पता चलता है कि आगामी अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2025 के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 5.3 प्रतिशत के बराबर रखा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अर्थशास्त्रियों का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में कमी आने का अनुमान है, जो कोविड के बाद के दो वित्तीय वर्षों में बहुत ज्यादा रहा है। अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के 10 शोध रिपोर्टों का बिजनेस स्टैंडर्ड ने विश्लेषण किया है। इनमें से 8 ने अनुमान लगाया है कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.3 प्रतिशत रहेगा, जबकि दो एजेंसियों ने 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आम चुनावों को देखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश करेंगी, जिससे अगली सरकार द्वारा पूर्ण बजट पेश किए जाने के पहले शुरुआती व्यय किया जा सके।

गोल्डमैन सैक्स ने एक बयान में कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.2 से 5.4 प्रतिशत के बीच (हमारा आधार जीडीपी का 5.3 प्रतिशत है) रखेगी। वित्त वर्ष 26 तक मध्यावधि के हिसाब से राजकोषीय समेकन का लक्ष्य 4.5 प्रतिशत करने के सरकार के लक्ष्य को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है।' वित्त वर्ष 24 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.9 प्रतिशत रखा गया है। बजट में अनुमानित नॉमिनल जीडीपी वृद्धि की तुलना में इसके कम रहने, विनिवेश से कम आमदनी और सब्सिडी के ज्यादा बोझ के कारण ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह लक्ष्य अधिक गैर कर राजस्व व प्रमुख मंत्रालयों के बचत से पूरा किया जाएगा।



इसी तरह का विचार पेश करते हुए बार्कलेज का कहना है कि ज्यादा कर व गैर कर राजस्व संग्रह से विनिवेश राजस्व से आई कमी की भरपाई हो जाएगी और उम्मीद है कि केंद्र सरकार चालू वित्त वर्ष में आसानी से जीडीपी के 5.8 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्राप्त कर लेगी।

इसने कहा है, 'हम उम्मीद करते हैं कि 2024-25 के बजट में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.3 प्रतिशत रखा जाएगा। इसके मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 17.7 लाख करोड़ रुपये रहेगा, जो मोटे तौर पर वित्त वर्ष 2023-24 के हमारे 17.8 लाख करोड़ रुपये के पूर्वानुमान के करीब है।'

कोटक महिंद्रा बैंक में मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज का कहना है कि मध्यावधि के हिसाब से केंद्र सरकार ने तेज वित्तीय समेकन का लक्ष्य रखा है, साथ ही व्यय प्रतिबद्धता को देखते हुए व्यय की गुणवत्ता में सुधार करना है।

उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 25 के अंतरिम बजट में कुछ लोकलुभावन कदम उठाए जा सकते हैं, जबकि सुस्त पूंजीगत व्यय का लक्ष्य हो सकता है। वहीं उधारी पर काबू पाने के लिए सामान्य से तेज राजकोषीय समेकन की संभावना है। हम वित्त वर्ष 25 के अनुमान में सकल राजकोषीय घाटा जीडीपी के 5.4 प्रतिशत रखे जाने की संभावना जता रहे हैं।'

पूंजीगत व्यय के मोर्चे पर अर्थशास्त्रियों का एक समूह सहमत है कि आगामी बजट में ज्यादातर मंजूरियां आवश्यक व्यय के लिए होंगी और पूंजीगत व्यय का व्यापक तौर पर आकलन होगा।

रिपोर्ट में कहा है, 'सरकार पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देती रही है। खासकर सड़क, रेलवे और रक्षा पर व्यय हुआ है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जारी रहेगा, लेकिन इसकी रफ्तार धीमी होगी। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 में पूंजीगत व्यय 20 प्रतिशत बढ़ेगा। हम केंद्र द्वारा राज्यों को दिए जाने वाले 300 अरब रुपये 50 साल के ब्याज मुक्त कर्ज में भी कटौती की संभावना खारिज नहीं कर रहे हैं।'

केयर रेटिंग्स ने कहा है, 'हम उम्मीद करते हैं कि सरकार अपने वित्त वर्ष 24 के 10 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लक्ष्य पर कायम रहेगी और इसे वित्त वर्ष 25 में 10 प्रतिशत बढ़ाकर 11 लाख करोड़ रुपये करेगी।'

इक्रा रेटिंग्स में मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर को उम्मीद है कि अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 25 के लिए विनिवेश लक्ष्य 50,000 करोड़ रुपये तय किया जाएगा क्योंकि ज्यादा लक्ष्य से ऐसी प्राप्तियां न आने पर बजट का गणित बिगड़ सकता है, जैसा कि पिछले 3 साल से हो रहा है।

उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 24 के लिए केंद्र सरकार ने 51,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा था, लेकिन इसका सिर्फ पांचवां हिस्सा (10,050 करोड़ रुपये) ही आ सका है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बेचने की योजना अभी कतार में है और चालू वित्त वर्ष में पूरी हो सकती है। कुल मिलाकर इक्रा का अनुमान है कि वित्त वर्ष 24 में विनिवेश से अनुमान की तुलना में 36,000 करोड़ रुपये कम धन आएगा।'

व्यय को लेकर कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि समर्थन के लिए उठे कदमों से ग्रामीण/कृषक समुदाय के लिए कम अवधि के हिसाब से जोखिम कम होगा।

डीबीएस बैंक में वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा, 'धन हस्तांतरण के लक्षित समर्थन से मौसम के कारण उत्पादन में हुए नुकसान की भरपाई की जा सकती है। ऐसी योजनाओं में ज्यादा कृषि बीमा आवंटन, ग्रामीण रोजगार योजनाओं में अधिक आवंटन, सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराना आदि शामिल है।'

## टाटा मोटर्स 1 फरवरी से करेगी यात्री वाहनों के दामों में बढ़ोतरी?

नईदिल्ली। दिग्गज वाहन निर्माता टाटा मोटर्स भी दाम बढ़ाने वाली कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक सहित अपने यात्री वाहनों के दामों में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि का ऐलान किया है जो 1 फरवरी से लागू होगी। इसका लक्ष्य कच्चे माल की लगातार बढ़ती लागत की आंशिक रूप से भरपाई करना है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने अप्रैल 2023 में कहा था कि वह 1 मई से अपने यात्री वाहनों की कीमत लगभग 0.6 प्रतिशत बढ़ा देगी। वाहन उद्योग में यह रुझान देखा गया है जब उद्योग की मारुति सुजूकी जैसी दिग्गज कंपनियों ने वित्त वर्ष 24 के शुरुआती महीनों में दाम वृद्धि का सहारा लिया है।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

**राम मंदिर समाज की परिपक्वता...**

गोविंददेव गिरि मौजूद थे। न्यास के महासचिव चंपत राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर विवाद के समाधान में भूमिका के लिए न्यायपालिका का आभार जताया और कहा कि मंदिर का निर्माण न्याय के मार्ग से हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीराम भारत के संविधान के प्रथम पृष्ठ पर उपस्थित हैं लेकिन संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। मैं आभार व्यक्त करूंगा भारत की न्यायपालिका का जिसने न्याय की लाज रख ली। न्याय के पर्याय प्रभु राम का मंदिर भी न्यायबद्ध तरीके से बना। उन्होंने कहा कि ये भारत के विकास का अमृतकाल है। आज भारत युवा शक्ति की पूंजी से भरा हुआ है, ऊर्जा से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियां, फिर ना जाने कितने समय बाद बनेंगी। हमें अब चूकना नहीं है, हमें अब बैठना नहीं है।

श्री मोदी ने कहा कि आने वाला समय अब सफलता का है। आने वाला समय अब सिद्धि का है। ये भव्य राम मंदिर साक्षी बनेगा- भारत के उत्कर्ष का, भारत के उदय का, ये भव्य राम मंदिर साक्षी बनेगा- भव्य भारत के अभ्युदय का, विकसित भारत का। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि अयोध्या विश्व की सांस्कृतिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध होगी और इसकी गलियों में अब गोली की आवाज नहीं बल्कि राम नाम संकीर्तन के स्वर गूंजेंगे। उन्होंने अयोध्या के विकास और मंदिर निर्माण के प्रयास में प्रधानमंत्री के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संघ प्रमुख भागवत ने देश में सद्भाव और सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि प्रत्येक नागरिक मिलकर देश की प्रगति के लिए कार्य करे। राम मंदिर में पांच वर्ष के रामलला के नये श्यामवर्ण विग्रह की स्थापना के साथ उस विग्रह को भी स्थापित किया गया है जो अब तक अस्थायी मंदिर में विराजमान थे। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि ने मंत्रोच्चार के साथ प्रधानमंत्री का 11 दिन से चला आ रहा उपवास तुड़वाया। अयोध्या को पिछले कई दिनों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। इस धार्मिक नगरी में देश विदेश के श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सरयू के घाटों से लेकर विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करने वालों की कतारें लगी हुई हैं। रात में दीपावली जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है।

***अयोध्या से लौट कर....***

निर्णय लिया है कि हमारी सरकार एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' प्रारंभ करेगी। उल्लेखनीय है कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व में तेजी से प्रगति कर रहा है। सरकार ने 2070 तक कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि में शून्य करने की भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित कर रही है। सरकार 2030 तक देश में कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 65 प्रतिशत नवीकरणीय स्त्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

***राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा, देशभर में दीये ....***

संजोए हुए आराध्य प्रभु के प्रति आस्था निवेदित करते हुए सरयू तीरे, राम की पैड़ी, मठ-मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जल रहे अनगिनत दीपों के बीच निहाल श्रद्धालुओं का हर्ष, उमंग और अनुभूति हर कोई महसूस कर रहा था। सहज भाव से हो रहे 'राम राम जय राजा राम' 'जय सिया राम' 'सियावर रामचन्द्र की जय' जयघोष के साथ सरयू की लहरों में उठती तरंगें देख ऐसा लगता था कि मानो सरयू मैया भी अपने राम की जयकार कर रही हों। श्रीराम के इस महाउत्सव पर पूरी अवधपुरी को सजाया गया था। अयोध्या के मंदिरों, छोटी गलियों से लेकर मुख्य मार्गों, सभी सरकारी, धार्मिक भवनों पर तो आकर्षक लाइटिंग की ही गई थी, नगरवासियों ने भी घरों में दीप जलाकर अपने राम को अपने बीच महसूस किया। प्रतिदिन की भांति सरयू मैया की आरती भी उतारी। इस दौरान आज अलग ही उमंग देखने को मिला। यहां अनेक साधु-संतों के साथ अनेक विशिष्टजनों द्वारा घाटों पर आरती की गई।

वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब सत्ता संभाली तो दीपोत्सव के भव्य-दिव्य आयोजन की परिकल्पना तैयार की। प्रतिवर्ष इसकी भव्यता बढ़ती चली गई। पिछले वर्ष 2023 में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला दीपोत्सव भी हर रिकॉर्ड तोड़कर अभूतपूर्व हुआ। इसमें 22.23 लाख दीप प्रज्वलित हुए। हर तरफ बस श्री राम, मेरे राम से अवधपुरी गुंजायमान हो उठी थी। ठीक तीन माह के अंतराल पर आज (22 जनवरी, 2024 को) अयोध्यावासियों ने श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर पुनः दीपावली मनाई। त्रेतायुग की अयोध्या आज अलौकिक दिखी। सभी ने अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा के दीप जलाए। आज प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत शाम सात बजे तक राम की पैड़ी पर प्रोजेक्शन शो का आयोजन किया गया है। इसके बाद यहां पर लेजर शो हुआ। इको फ्रेंडली आतिशबाजी का नजारा भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे देख हर किसी का मन पुलकित हो उठा। उत्तर प्रदेश के अध्योध्या, झांसी, मुरादाबाद, कौशांबी, प्रयागराज और देवरिया सहित प्रदेश के सभी जिलों से भव्य कार्यक्रमों के आयोजन किया। सभी जगह मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया, सुंदर कांड और अखंड रामायण के पाठ के साथ साथ भजन कीर्तन हुआ। शाम के समय दीपोत्सव के साथ लोगों ने जगह जगह पर आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।

***नासा को मिली बड़ी कामयाबी...***

रजिस्टर किया, जिससे विक्रम की सटीक स्थिति का पता चला। नासा ने बताया कि अब तक इस तकनीक का इस्तेमाल जमीन से पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले उपग्रहों की जगहों को ट्रैक करने के लिए किया जाता रहा है। यह पहली बार है, जब चंद्रमा पर इसका इस्तेमाल किया गया। नासा का कहना है कि इसका मकसद यह पता करना था कि चंद्रमा की कक्षा से सतह पर रेट्रोरिफ्लेक्टर के जरिये चीजों की सटीक जगह पता चल सकती है।

***सीएम साय ने शिवरीनारायण....***

भगवान श्रीराम के दर्शन मात्र से सभी लोग धन्य हो गये हैं। भगवान श्रीराम के इस अद्भुत रूप को देखकर सभी मुग्ध हैं। खुशी का पारावार नहीं है। आज भारत के लोगों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए ऐतिहासिक दिन है। शिवरीनारायण के इस पवित्र धाम से यह सुंदर दृश्य निहारना लोगों को चमत्कृत कर रहा है। माता शबरी धैर्य और भक्ति का प्रतीक हैं। उनके इस पवित्र शिवरीनारायण धाम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अयोध्या धाम में होने वाले श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर पहुँचे हैं। जिस तरह माता शबरी बरसों तक तपस्या कर श्रीराम का रास्ता निहारती रहीं। उसी तरह श्रीराम के ननिहाल के लोग छत्तीसगढ़ के निवासी भी श्रीराम का रास्ता बरसों से ताक रहे हैं। श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने के बाद अब प्रदेश के करोड़ों लोगों को गहरे आनंद का अनुभव होगा। माता शबरी प्रतीक हैं छत्तीसगढ़ के लोगों के अपने भांजे श्रीराम के प्रति गहरे स्नेह की। अपनी भक्ति में उन्होंने जूठे बेर श्रीराम को खिलाए। आज सभी छत्तीसगढ़वासी राम भक्ति का स्वाद चख रहे हैं और इस शुभ अवसर पर बहुत पुलकित हैं।

***पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने....***

सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पंखुड़ी पाठक और अनिल यादव न्यायालय पहुंचे। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रजनीश ने कोर्ट में दलील दी कि भूपेश बघेल को राजनीतिक द्वेष में फंसाया गया है। उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उनकी वजह से कोई बीमारी नहीं फैली है। इस तर्क पर कोर्ट ने जमानत अर्जी स्वीकार की है।

***बागी विधायकों की अयोग्यता ...***

निर्वाचित सरकार को गिराना था। याचिका में कहा गया, अयोग्यता का इससे स्पष्ट मामला नहीं हो सकता था। श्री शिंदे ने राज्यपाल से मुलाकात की और 30 जून 2022 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सभी प्रतिवादी विधायकों ने इस निर्णय का समर्थन किया, जो स्वयं स्वेच्छा से हार मानने के समान था। याचिका में कहा गया है कि दसवीं अनुसूची का उद्देश्य उन विधायकों को अयोग्य ठहराना है, जो अपने राजनीतिक दल के खिलाफ काम करते हैं। हालांकि, यदि अधिकांश विधायकों को राजनीतिक दल माना जाता है, तो वास्तविक राजनीतिक दल के सदस्य बहुमत विधायकों की इच्छा के अधीन हो जाते हैं। यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसे रद्द किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता निशांत पाटिल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है,÷विधायक दल एक कानूनी इकाई नहीं है। यह केवल एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों के समूह को दिया गया एक नाम है, जो अस्थायी अवधि के लिए सदन के सदस्य होते हैं। याचिका में कहा गया है कि अध्यक्ष का फैसला संवैधानिक कानून के हितकारी सिद्धांत के विपरीत हैं, क्योंकि वे केवल राजनीतिक दल से संबंधित विधायकों के बहुमत को जीतकर दलबदल की बुराई को बेरोकटोक करने की अनुमति देता है। याचिका में कहा गया है कि अध्यक्ष के फैसले में, इस निर्विवाद तथ्य की कोई सराहना नहीं है कि श्री शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बने और उनकी दलीलों और उनकी जिरह में की गई स्वीकारोक्ति कि वे 21 जून 2022 से भाजपा शासित राज्यों गुजरात और असम में थे।

***19 बच्चे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल...***

प्रधानमंत्री कल करेंगे संवाद- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से मंगलवार को बातचीत करेंगे। पुरस्कार विजेताओं में आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत), अनुष्का पाठक, अरिजीत बनर्जी, अरमान उबरानी, हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, इश्फाक हामिद, मोहम्मद हुसैन, पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया, सुहानी चौहान, आर्यन सिंह, अवनीश तिवारी, गरिमा, ज्योत्सना अख्तर, संयम मजूमदार, आदित्य यादव, चार्वी ए, जेसिका नेई सरिंग, लिन्थोई चनंबम और आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं।

# भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के विद्यार्थी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिवसीय प्रवास पर

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के विद्यार्थी, प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए सामाजिक प्रभाव के लिए प्रबंधन विषय अंतर्गत अपने सामाजिक दायित्वों को समझने एवं बेहतर नागरिक बनने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिवसीय प्रवास पर हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार एवं पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव से भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के विद्यार्थियों ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में भेंट की एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वसहायता समूह द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। समूह की महिलाएं विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। बिहान अंतर्गत समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सहयोग किया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता के दृष्टिकोण से भी महिलाओं में जागरूकता आयी है। बैंक सखी द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन

**जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार एवं पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव से आईआईएम के विद्यार्थियों ने की सौजन्य भेंट**

योजना में पंजीयन तथा पेंशन निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में महिला श्रमिकों की संख्या अधिक है। यहां की खासियत है कि महिलाएं घर के कामों के अलावा जिले में लगभग 73 प्रतिशत महिलाएं मनरेगा के अंतर्गत कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जिले में धान की खेती बहुतायत में होती है। इसके साथ ही अन्य फसल भी ले रहे हैं तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन



**◦ 382 विद्यार्थी दो बैच में ग्रामीण क्षेत्रों का कर रहे भ्रमण**
**◦ ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में दी अपनी प्रतिक्रिया एवं सुझाव**
**◦ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई करते देख खुशी जाहिर की**

अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

माँ बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति की अध्यक्ष पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित वस्तुओं एवं उत्पादों की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के लिए कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में हर ग्राम में नशा मुक्ति अभियान तथा स्वच्छता फौज तैयार की जाएगी तथा रोजगार के लिए विशेष तौर पर पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हर महिला को रोजगार से जोडने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रतिक्रिया देते हुए आईआईएम रायपुर के विद्यार्थियों ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई करते हुए देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति काफी अच्छी है। विद्यार्थियों ने स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मेहनत से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। समूह में जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। विद्यार्थियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण

**सामाजिक प्रभाव के लिए प्रबंधन विषय अंतर्गत अपने सामाजिक दायित्वों को समझने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का कर रहे भ्रमण**

करने के पश्चात अपने अनुभव साझा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर बनाए जा रहे उत्पाद-सामग्री की ब्राडिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए एवं अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। इस दौरान प्रोफेसर श्री संदीप, टाटा कन्सलटेन्ट डॉ. विनायक, नोडल ऑफिसर नृपराज महानंदा सहित अन्य अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर, टाटा स्टील फाउंडेशन एवं माँ बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक प्रभाव के लिए प्रबंधन विषय अंतर्गत अपने सामाजिक दायित्वों को समझने के लिए एवं बेहतर नागरिक बनने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति समझ विकसित करने के लिए विद्यार्थियों ने ग्राम भ्रमण किया। 382 विद्यार्थी दो बैच में ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। पहले बैच के द्वारा डोंगरगढ़ एवं छुरिया विकासखंड के 32 ग्रामों का भ्रमण विद्यार्थियों द्वारा किया गया। वहीं दूसरे बैच मोहला एवं खैरागढ़ क्षेत्र में भ्रमण करेंगे।

## दिग्विजय महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में एवं विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता महिश्वर के निर्देशन में विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. त्रिलोक देव ने किया, जिसमें उन्होंने पर्यटन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपनी बातों को छात्र-छात्राओं को बताया, जिसमें पर्यटन दिवस क्यों मनाया जाता है, पर्यटन के लाभ तथा पर्यटन की आवश्यकताओं जैसे विषय शामिल थे। इन्होंने बताया कि पर्यटन दिवस लोगों में पर्यटन के प्रति जागरूकता लाने और लोगों में ज्यादा से ज्यादा पर्यटन को बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के द्वारा 1980 में की गई थी। इसके अतिरिक्त इन्होंने बताया कि दुनिया भर में पर्यटन से सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक और आर्थिक मूल्य पर निश्चित रूप से प्रभाव पड़ता है। डॉ. अनिता महिस्वर ने विश्व पर्यटन दिवस में पर्यटन का उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। पर्यटन ही वह माध्यम है जिससे अलग-अलग संस्कृति से लोगों को जोड़ने और जानने का अवसर मिलता है। पर्यटन ग्रामीण एवं बड़े शहरों में खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। इस पर्यटन दिवस के अवसर पर एमएससी प्रीवियस एवं फाइनल ईयर के विद्यार्थियों नेम कुमार, खुशाल चंद तथा उषा साहू ने पर्यटन से संबंधित अपने विचार रखें और छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। अंत में विभागाध्यक्ष ने पर्यटन से संबंधित अपने पुरी (उड़ीसा) शैक्षिक भ्रमण का अनुभव साझा किया की किस प्रकार छत्तीसगढ़ की वनस्पति, खान-पान, जलवायु एवं संस्कृति पुरी (उड़ीसा) से अलग है। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सोनल मिश्रा, डॉ. केशव राम आडिल, डॉ, किरण जैन, मोहित साहू एवं एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव का फैसला

राजनांदगांव (दावा)। परिवादी हेमंत चौहान के वाहन सीजी 08 एएफ 3430 दिनांक 12 मार्च 2020 को दुर्घटना होने के कारण वाहन में हुए नुकसान का मरम्मत परिवादी द्वारा कराया गया। दुर्घटना दिनांक को बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस कंपनी राजनांदगांव से उक्त वाहन बीमित थी। परिवादी द्वारा वाहन के मरम्मत में आए खर्च का दावा बीमा कंपनी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के उपरांत बीमा कंपनी द्वारा क्षति राशि राशि 15 हजार का भुगतान नहीं करने पर परिवादी अपने अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी के माध्यम से श्रीमान जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग राजनादगांव के समक्ष परिवाद प्रस्तुत कराया। सुनवाई उपरांत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष योगेश चंद्र गुप्त एवं सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस ने फैसला देते हुए 148965 रूपये एवं मानसिक आर्थिक क्षति के रूप में 15000 रूपये तथा दिनांक 11 जून 2021 से 6% दर से ब्याज अनावेदक नेशनल इंश्योरेंस कंपनी राजनांदगांव परिवादी को 60 दिवस के भीतर भुगतान किए जाने का आदेश पारित किया। उक्त अवधि में राशि भुगतान नही करने पर 9% की दर से ब्याज भुगतान करना होगा। परिवादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी ने पैरवी की।

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में ली बैठक




राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 10 से 28 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में जिला अंतर-विभागीय टास्क समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने लिम्फेटिक फाइलेरिया एवं हाइड्रोसिल प्रकरण, फाईलेरिया रात्रिकालीन सर्वे की स्थिति, फाइलेरिया नियंत्रण संबंधी गतिविधि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए प्रेरित करें। दवा खाने से इनकार करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मदद करें। फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के तहत जानकारी दी गई कि 10 से 15 फरवरी तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर, 16 से 24 फरवरी तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंटकर तथा 26 से 28 फरवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा।

फाइलेरिया की दवा खाली पेट ना खिलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदाय किये गए इंइसी, वीडियो को विभाग के सभी व्हाट्सअप, टेलीग्राम रूपों में साझा किया जाये, जिससे फाईलेरिया दवा सेवन के संबंध में लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव श्रीमती सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. बसोड़ सहित डॉ. भूमिका वर्मा, डब्लूएचओ प्रतिनिधि डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह, श्रीमती संगीता पाण्डेय, राजेश गायकवाड़ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत ढारा वि.खं. डोगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया था। उक्त शिविर 12 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित किया गया था। इस शिविर में नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर विभिन्न जागरूकता रैली कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की गई। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव डॉ.के.एल. टांडेकर, अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ डॉ. ई वी रेवती, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठन अधिकारी डॉ. सुरेश पटेल अन्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत ढारा सरपंच राजेंद्र जंघेल एवं पंचगण ग्रामवासी शामिल हुए।

शिविर में प्रतिदिन बौद्धिक परिचर्चा में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित हुए एवं स्वयंसेवकों व ग्राम वासियों को वक्तव्य दिया। अशोक पांडे ने सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण, सामुदायिक

**जनसंपर्क कर किया लोगो को जागरूक**

स्वास्थ्य केंद्र डोगरगढ़ के हितेन्द्र कोसले ने नशा मुक्ति समाज के लिए युवा सहित गुलशन सिन्हा, वेदप्रकाश साहू कैरियर गाइडेंस डॉ.आर.आर. कोचे, नारी सशक्तिकरण पर ओमप्रकाश वर्मा, जीवन एक संघर्ष पर सोनाली लोया ने बौद्धिक चर्चा में जानकारी दी। स्वयंसेवकों के द्वारा प्रतिदिन गांव-गली मोहल्ले में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की गई। जिसमें सोखता गढढा का निर्माण, नाली निर्माण, नारा लेखन ,कूड़ादान का निर्माण आदि कार्य सम्मिलित हैं।

### जनसंपर्क कर किया लोगों को जागरूक

स्वयंसेवकों के द्वारा प्रतिदिन संध्याकालीन ग्राम जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों के सामाजिक समस्याओं को सुना गया एवं उनके निवारण हेतु सुझाव दिया गया। शिविर की थीम के अनुसार प्रतिदिन संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक गीत, संगीत के माध्यम से समाज के विभिन्न समस्याओं से जागरूक करने का प्रयास किया गया। शिविर के अंतिम दिन उत्कृष्ट स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओ सहित शिविर में विशेष योगदान देने वाले प्राध्यापकों को शील्ड एवं मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ.आर आर कोचे, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, नितेश तिरपुडे, जी.के.यादव, वेदप्रकाश साहू, ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, सोनाली लोया, डॉ.नीता राजपूत, डॉ.नौशीन अंजुम, डॉ. येशुकृति हजारे, अनिमा मिंज, पदमा खुटे, लीलाराम देवांगन, रोशन साहू, वासुदेव साहू, मनीषा भेडिया, एवलाल मेश्राम, अंजलि देवांगन, नीलम सिन्हा, प्रिया ठाकुर, तूलिका चक्रवर्ती, ऋचा अग्रवाल, प्रभात बैस, मोनिका, ज्योति साहू, जे.के. देवांगन, के.जी. सोनकर, नितिन शांडिल्य, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, दलनायक विक्की रामटेके, रोशन वर्मा, राजाराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, कौशल, अविनाश टेम्भुरकर, प्रज्जवल गेडाम, मयूरी, मानसी पायल, वैशाली, दीपशिखा निकिता, रमन साहू, डागेश्वर एवं समस्त स्वयंसेवक-सेविकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन हेमूराम पदमे द्वारा किया गया।

## कान्फ्युलेंस कालेज, एनसीसी व स्काउट गाईड के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को दी यातायात नियमों की जानकारी

पेज 7 (17 जनवरी 2024- फोटो- कान्फ्युलेंस कालेज)



राजनांदगांव(दावा)। इन दिनों शहर सहित पूरे जिले भर में पुलिस द्वारा यातायात सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शहर के विभिन्न स्थानों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है वहीं कान्फ्ल्युएंस कालेज के बच्चों व एनसीसी, स्काउट गाईड एवं नेहरू युवा कल्याण स्वयं सेवी संस्था द्वारा चौक चौराहों में यातायात नियमों की जागरूकता हेतु पाम्पलेट देकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### यातायात रथ रवाना

बता दें कि 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिन अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात हेमप्रकाश नायक, निरीक्षक. नवरतन कश्यप, सहायक उप निरीक्षक कुंजलाल साहू एवं अन्य यातायात स्टॉफ की उपस्थिति में यातायात रथ को हरी झण्डी दिखाकर यातायात शाखा से रवाना किया गया। उक्त रथ अगले एक माह तक पूरे जिले में भ्रमण करेगा एवं गांव-गांव जाकर यातायात नियमों का उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने जागरूक करेगी। यातायात रथ के प्रचार अभियान का पहला दिन थाना सोमनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बघेरा मंडई, सोमनी एवं आसपास के ग्रामों में लाउड स्पीकर एवं पाम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों का पालन करने बताया गया। शहर के जय स्तंभ चौक एवं गंज चौक में कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज के विद्यार्थी कलाकारों के द्वारा वाहन चालकों की लापरवाही के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली भीषण नुकसान के बारे में जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया जा रहा है। शहर के मुख्य चौक चौराहों में स्कूली छात्रों, एनसीसी, स्काउट गाईड एवं नेहरू युवा कल्याण स्वयं सेवी संस्था के द्वारा पाम्पलेट वितरण कर आम जनता को यातायात नियमों का पालन करने बताया गया व तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालात में कभी भी वाहन न चलाये, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। बताया गया कि आज 18.जनवरी को डोंगरगढ़ में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यातायात रथ का प्रचार-प्रसार अभियान लगातार जारी रहेगा।

**पुलिस अधिकारियों ने यातायात रथ को हरी झण्डा दिखाकर किया रवाना**
**◦ पूरे जिले में एक माह तक घूमेगा यातायात रथ**
**◦ सड़क सुरक्षा के प्रति करेगा जागरूक**

## वर्ष 1990, 1992 में कारसेवक के रूप में विजेंद्र सिंह ठाकुर ने भाग लिया था

डोंगरगढ़(दावा)। विश्व हिंदू परिषद की महावीर मंदिर में बैठक के बाद डोंगरगढ़ विश्व हिंदू परिषद के कर्ताधर्ता रहे सुरेश सोनी, प्रकाश यादव प्रभु भाई गिरधर के मार्गदर्शन में भाजपा नेता विजेंद्र सिंह ठाकुर को अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होते ही वे घर में बगैर बताएं निकले थे रामकाज के लिए।

### कारसेवकों की भक्ति के सामने क्रूर प्रशासन नतमस्तक हुआ

विजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि, तत्कालीन उत्तर प्रदेश की मुलायम सिंह सरकार ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में परिंदा भी पर नहीं मार सकता उस समय हम लाखों कारसेवकों ने 2 नवंबर 1990 को अयोध्या पहुंचकर क्रूर शासक मुलायम सिंह यादव को यह एहसास कर दिया की कारसेवकों में क्या शक्ति है। एक रणनीति के तहत 1990 में अक्टूबर माह से ही कारसेवक पैदल उत्तर प्रदेश के लिए निकले थे। मेहमान के रूप में उत्तर प्रदेश पहुंचने लगे थे। उत्तर प्रदेश की शांतिप्रिय जनता अपने यहां मेहमान के रूप में हम कारसेवकों को अपने घरों पर अपने खेतों में अपने फार्म हाउस में आश्रय दिया। जो धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश में ही रहकर अक्टूबर में ही अयोध्या की ओर कुच किए। पहले से ही सभी अयोध्या पहुंचकर अलग-अलग स्थान में मेहमान के रूप में रहे।

### निहत्ते राम भक्तों पर जब गोलियां, लाठी के साथ पानी की बौछार की गई



श्री ठाकुर ने बताया की,निहत्ते राम भक्तों पर पुलिस के द्वारा अत्याचार किया गया हम लोगों ने मणिराम छावनी से 2 नवंबर 1990 को अयोध्या में एक विशाल कारसेवकों का समूह के साथ विवादित ढांचा की ओर आगे बढ़े जिसे हनुमानगढ़ी के पास रोक कर इस द्वारा आंसू गैस पानी की बौछार के साथ निहत्ते राम भक्तों पर गोलियां, लाठी के माध्यम से पुलिस के द्वारा अत्याचार किया गया जिसमें हजारों कारसेवकों की जान गई हजारों कारसेवक घायल हुए।

**विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ कर्ताधर्ता के मार्गदर्शन में अयोध्या में कार सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ - विजेंद्र ठाकुर**

### राम भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी

राम मंदिर आंदोलन अनवरत चलता रहा। राम मंदिर के लिए लाखों कारसेवकों ने अपनी प्राणों की आहुति दी। हम और आप बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जो कि आज राम मंदिर निर्माण को अपने आंखों से देख रहे हैं। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम को अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित होते भी देखेंगे। पुरानी बातों को याद रखना भी जरूरी है। किंतु इस खुशी के मौके पर केवल तीन ही महत्वपूर्ण तारीख को हम हिंदुत्व सनातनी लोग ध्यान रखें। 500 सालों के इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम 22 जनवरी को विराजमान होंगे यह हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है।

### 2 नवंबर 1990 एवं 6 दिसंबर 1992 की घटना को कारसेवक के रूप में मैं देखा

श्री ठाकुर ने बताया की मुझे 2 नवंबर 1990 एवं 6 दिसंबर 1992 की घटना को कारसेवक के रूप में देखने एवं कारसेवक के रूप में सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उस दौरान कारसेवकों के ऊपर में गोलियों की बरसात लाठियां की बरसात हुई थी। निश्चित ही यह समय उन कारसेवकों को याद करने का भी है जिन्होंने इन आंदोलनों में अपने प्राण तक निछावर कर दिए। बहुत से यादों को हम सांझा कर सकते हैं। 2 नवंबर 1990, 6 दिसंबर 1992, 27 फरवरी 2002 का दिन इन तीनों ही तारीख ने देश में हलचल मचा दी थी।

### विवादित ढांचा गिराया गया

6 दिसंबर 1992 हमारे कारसेवकों ने अंतत विवादित ढांचा को गिराने में सफलता प्राप्त की और एक ही दिन में चारों ओर दीवाल खड़ी कर भगवान श्री राम के लिए तंबू का निर्माण किया।

### गोधरा कांड बहुत ही हृदय झकझोर देने वाली घटना

साबरमती एक्सप्रेस गोधरा कांड बहुत ही हृदय झकझोर देने वाली घटना 27 फरवरी 2002 को जब साबरमती एक्सप्रेस एक्सप्रेस ट्रेन पर कारसेवकों के ऊपर पेट्रोल डाल कर उन्हें जलने का जगन्य अपराध हिंदू विरोधियों के द्वारा किया गया। कार सेवक 2 नवंबर 1990 को निहत्थे बेगुन राम राम जपने वाले कारसेवकों के ऊपर मुलायम सिंह सरकार का जानलेवा हमला गोलियों की बरसात लाठियां से पिटाई रबड़ की गोलियां आंसू गैस पानी की बौछार ऐसी बहुत सी घटनाएं हैं। जिसे हम याद कर आज भी करहा उठाते हैं। हम आज भी उन शाहिद कारसेवकों को याद करते हैं। जिन्होंने अपना बलिदान देकर हिंदुत्व सनातन को जिंदा रखा और आज हम 500 साल के बाद राम जन्मभूमि में भगवान श्री राम को विराजमान होते हुए देखेंगे आज समय पुरानी बातों को याद करने का है।किंतु अब उन बातों को हम हिंदुओं को ध्यान रखते हुए संगठित होकर कार्य करने का एक बहुत बड़ा अवसर मिला है इस लिए हम सब मिलकर अपने नगर अपने ग्राम अपने मंडल को राम मैं बनाने में एक दूसरे का सहयोग करें

## तीन हजार करोड़ मुआवजे की मांग वाली याचिका पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

राजनांदगांव (दावा)। हाईकोर्ट ने एक मामले में छत्तीसगढ़ शासन सहित, भारत संचार निगम लिमिटेड व थाना प्रभारियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मॉगा है। बता दे कि हत्या के मामले साक्ष्य छुपाने के लिये फोन पर सलाह देने के आरोप में एक गिरफ्तारी वर्ष 2020 में की गई।




जिसमें शासन पक्ष ने कोई आरोप साबित नहीं कर पायें और आरोपी को वर्ष 2021 में पूर्ण रूप से दोषमुक्त कर दिया। जिससे व्यथित होकर हाईकोर्ट में तीन हजार करोड़ रूपयें के मुआवजा की माँग करते हुए याचिका मई 2023 में प्रस्तुत की गई।

याचिका में मुआवजा की माँग के अलावा विवेचकों की सेवा समाप्ति व उन पर अपने पद का दुरूपयोग करने के लिये आपराधिक मामला दर्ज किये जाने की मॉग भी की गई है.जिस पर 19 जनवरी 2024 को छत्तीसगढ़ शासन सहित समस्त पक्षकारों को सूचना पत्र जारी कर जवाब तार सप्ताह में मॉगा है। उक्त जानकारी लवकुमार रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रेस को दी।













# राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा : शहर में दीये और आतिशबाजी के साथ मनी दीवाली, झूम उठे भक्त, लाखों दीयों से जगमगायी संस्कारधानी

## चहुंओर ओर बिखरी प्राण प्रतिष्ठा की खुशी घर-घर मनी दीवाली, शहर में श्री राम शोभायात्रा... कलश यात्रा की रही धूम... जगह आयोजित हुए भोग भंडारा... महाप्रसादी वितरण

राजनांदगांव (दावा)। सोमवार 22 जनवरी का दिन अयोध्या में हुई भव्य श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए इतिहास के सुनहरे पन्नों मे दर्ज हो गया है। 500 वर्षों से अधिक दिनों के बाद सोमवार को भगवान श्री राम लला अयोध्या के भव्य नव्य एवं दिव्य मंदिर में हर्षोल्लास के साथ विराजित हुए। इसकी खुशियाँ न केवल भारत देश में, विभिन्न देशों में बसे सनातन धर्मियों और हर धर्म-सम्प्रदाय के लोगों में अत्यंत रुप से हुई।

आखिर क्यों न हो। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम पार ब्रहम परमेश्वर जो ठहरे, लोग 22 जनवरी के शुभ दिन अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का दूरदर्शन में जीवंत प्रसारण देख कर मंत्र मुग्ध हुए बिना नहीं रहे। टेंट से लेकर अयोध्या के भव्य, दिव्य एवं नये मंदिर में श्रीराम लला के निवास होने में लगे पांच सदी के लम्बे समय को देखकर उनकी आंखे भर आई। इसके साथ ही लोग अपने आराध्य भगवान श्रीराम लला के पूरे विधिविधान व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई प्राण-प्रतिष्ठा की प्रसन्न भी हुए। जिसका दिग्दर्शन, खुशियों का प्रकटीकरण शहर में जगह-जगह से निकली श्रीराम मय शोभायात्रा, कलश यात्रा,व घरों से लेकर मंदिरों में पूजा-पाठ, यज्ञ हवन, दीपोत्सव व भोग-भंडारा व महाप्रसादी वितरण कार्यक्रम में देखने को मिला।

### मंदिरों में भक्तों का तांता : जगह-जगह हुए भजन कीर्तन

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर कई धर्मप्रेमी लोगों व श्रीराम भक्तों ने व्रत उपवास भी रखे थे। इन लोगों ने सुबह से तो अपने घरों में दैनिक पूजा-पाठ की और टी.वी. के साथ ऐसे चिपके कि पलक तक नहीं गिरने दी। अयोध्या से जीवंत प्रसारण हो रहे श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को अनिर्वचनीय दृश्य देखकर वे भावुक भी हुए और 500 साल बाद मिल मिल रहे इस पावन दृश्य को अपनी आखों में समेट कर अगाध प्रसन्नता का अनुभव भी किया। इसके बाद ही उन्होंने अपने व्रत -उपवास तोड़ी। 22 जनवरी के शुभ दिन लोगों ने मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन किए। पूजा-पाठ की भगवान से अपने घर परिवार की सुख शांति व खुशहाली की दुआएं मांगी। बता दें कि मंदिरों में विशेष तौर से श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा का टीवी प्रसारण देखने के लिए धर्मप्रेमी जनों का तांता रहा। नगर निगम द्वारा परिसर शीतला मंदिर परिसर में श्री राम प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कार्यक्रम को देखने बड़ा सा स्क्रीन लगाया गया था। जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रही। इसी तरह शहर सहित आसपास के साढ़े तीन सौ मंदिरों में श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम को देखने की व्यवस्था रही। इस दिन पूरे जिले भर में सुबह प्रभात फेरी का आयोजन रहा तत्पश्चात 12 बजे से धर्म सेवा परिवार द्वारा श्री रामलला के लाईव प्रसारण के इंताजामात किए गए थे। इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों हिन्दू संगठनों द्वारा महोत्सव को व्यापक और यादगार बनाने के लिए पूरे शहर को भगवा झंडों से सजाया गया था।

### बालाजी मंदिर से हर्ष शोभायात्रा

अयोध्या में श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी में शहर के गंज चौक स्थित बालाजी धाम मंदिर से धूमधाम के साथ प्रभु श्रीराम हर्ष शोभायात्रा निकाली गई। बाल समाज बालाजी मंदिर समिति द्वारा विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल आदि के लोगों की उपस्थिति में दोपहर 2 बजे बालाजी धाम मंदिर से निकाली श्रीराम हर्ष शोभायात्रा में भगवान श्री राम की मनोहारी झांकी व अखाड़ा प्रदर्शन सहित बालिकाओं के झांझ वादन आकर्षण के केन्द्र रहे। श्री राम हर्ष शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान श्रीराम भक्तों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर शोभायात्रियों का भव्य स्वागत किया और जै-जै श्री राम का उद्घोष कर अपने उत्साह उल्लास का परिचय दिया। शोभायात्रा में बालाजी मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद, बाल समाज के महेश अग्रवाल, सूर्यकांत जैन, पूर्व महापौर अजीत जैन, बिसन अग्रवाल, अशोक झांझरी, नन्दू भूतड़ा, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल आदि के अलावा विश्व हिन्दू परिषद के बाबाजी, बजरंग दल के अरूण गुप्ता व उनके सहयोगी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इसी तरह लखोली जनता कालोनी, मार्निंग ग्रुप शंकरपुर सहित शहर के विभिन्न स्थानों से श्रीरामलला शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। महिलाएं सिर में कलश धारण किए हुए जहां रामधुन गाते कलश यात्रा निकाली वही अबाल वृद्ध महिलाएं, युवतियां सभी भगवा वस्त्र या पीला वस्त्रों धारण किए जै-जै श्री राम वाले भगवा ध्वज लहराते रैली निकाली, जिससे शहर का पूरा माहौल राम-मय बना रहा। जिधर देखो उधर श्रीराम हर्ष शोभायात्रा, श्री राम रैली की धूम ही नजर आ रही थी। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन संस्कारधानी नगरी में रामोत्सव का चहूंओर जलवा-जलाल बिखरे दिखाई दिया। अयोध्या से लेकर संस्कारधानी तक उक्त महनीय, भव्य एवं एतिहासिक कार्यक्रम से हर रामभक्त, देशभक्त निहाल हो उठा और इस भव्य दिव्य एवं नव्य कार्यक्रम के लिए लोगों ने अंतरमन से मोदी जी और योगी जी को बधाई दी।

# अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के शुभागमन पर दिग्विजय स्टेडियम में श्यामल संध्या में जल उठे लाखों दीप




**अद्भुत नजारे के ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बने शहरवासी, दीप से उकेरी गई प्रभु श्रीराम एवं ओम की आकृति, लगभग 3 लाख से अधिक दीप से शोभायमान हुआ दिग्विजय स्टेडियम, भव्य आतिशबाजी से गगन में बिखरी सितारों की छटा, मंगल क्षण में जगमगाते दीपों से ज्योतिर्मय हुआ दिग्विजय स्टेडियम**

राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में भगवान श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के शुभागमन पर दिग्विजय स्टेडियम में श्यामल संध्या में लाखों दीप जल उठे। इस अद्भुत नजारे के ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बने शहरीवासी। यह दीप भक्ति, आस्था, उम्मीद, सत्य एवं संकल्प के प्रतीक हैं। दीप की मोहक श्रृंखला ने सभी को मुग्ध किया। प्रभु श्रीराम के लिए सदियों से बाट जोह रहे देशवासियों की प्रतीक्षा समाप्त हुई। श्री रामलला के आगमन ने जनसामान्य में अभूतपूर्व उल्लास, आनंद एवं ऊर्जा से भर दिया। लगभग 3 लाख से अधिक दीप से शोभायमान हुआ दिग्विजय स्टेडियम। भव्य आतिशबाजी से गगन में सितारों की छटा बिखर गई।

सांसद संतोष पाण्डेय ने आज दिग्विजय स्टेडियम में दीप प्रज्जवलित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम जन-जन के मन में बसे हुए है। संस्कारधानी में नगरवासियों ने व्यापक पैमाने पर दीप जलाए हैं और शानदार आतिशबाजी की गई। सदियों की प्रतीक्षा समाप्त हुई। हम सौभाग्यशाली है कि 21वीं सदी में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में की गई है। उन्होंने इस बेहतरीन आयोजन के लिए संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार समिति तथा जिला प्रशासन व अन्य सामाजिक संस्थाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने श्री रामलला के आगमन पर शहरवासियों पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा समाप्त हुई है। भारत वर्ष एक नये आध्यात्मिक युग की ओर बढ़ रहा है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि वर्षों के बाद यह खुशी का दिन आया है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज दिग्विजय स्टेडियम में लगभग 3 लाख से अधिक दीप प्रज्जवलित किए गए। वहीं संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार समिति द्वारा मानव मंदिर चौक, भारत माता चौक एवं शहर में लगभग 2 लाख दीए जलाए गए। उल्लेखनीय है कि शहर में लगभग 5 लाख दिए जलाने के लिए समिति एवं राकेश ठाकुर के माध्यम से जिले का नाम यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए दर्ज किया गया है। समिति द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर राम, धनुष, त्रिशुल, तीर, डमरू, ओम, स्वास्तिक, गदा, भारत का नक्शा, मोर, दिया जैसी विभिन्न आकृतियां बनाई गई। इस अवसर पर सनातन धर्म सेवा परिवार के संयोजक सुरेश एच. लाल, सहसंयोजक एवं पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, राकेश ठाकुर, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

संस्कारधानी में विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में सामाजिक समरसता एवं सौहार्द्र के साथ प्रभु श्रीराम के आगमन पर 3 लाख से अधिक दिए प्रज्जवलित किए। संस्कारधानी में रामोत्सव को दीपोत्सव के रूप में मनाया गया। दीप प्रज्जवलन के माध्यम से प्रभु श्रीराम का सजीव चित्रण किया गया एवं ओम की आकृति बनाई गयी। इस दौरान भव्य आतिशबाजी की गई। दिग्विजय स्टेडियम में ढोल, नगाड़े, मंजीरा, शंख की मधुर ध्वनि से गुंज उठा। कण-कण में बसे भगवान श्रीराम के आगमन के उत्सव में राममय हुए जिलेवासी। मंगल क्षण में जगमगाते दीपों से ज्योतिर्मय हुआ दिग्विजय स्टेडियम। इस अवसर पर नन्हे बच्चे भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान के परिधान में पहुंचे। शहर के चौक-चौराहों में मोहक साज-सज्जा के साथ भव्य तरीके से दीपोत्सव मनाया गया। वहीं शहर भर को तोरण एवं पताका से सजाया गया। घर-घर में चौक पूरे गए, रंगोली बनाया गया और प्रभात फेरी निकाली गई। मंदिरों एवं देवालयों में मानस मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। प्रभु श्रीराम को भोग लगाना तथा महाप्रसादी कार्यक्रमों का वृहद आयोजन किया गया।

**ररर**



राजनांदगांव ( दावा )। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित दीप यज्ञ में नन्हे मुन्ने बच्चे श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन एवं हनुमान के स्वरूप में पधारे। सैकड़ों भक्तों ने दीप प्रज्वलित करके श्री राम दरबार का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com